वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2023 - 2024

आईएसपीआरएल
ISPRL





इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड
(ओ.आई.डी.बी. की पूर्ण स्वामित्व की सहायक कम्पनी)
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Strategic Petroleum Reserves Limited
(A wholly owned subsidiary of OIDB)
Ministry of Petroleum & Natural Gas, Govt. of India

आईएसपीआरएल के अध्यक्ष श्री पंकज जैन को मैंगलोर साइट पर आईटीबीपी के सुरक्षा कर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर लेते हुआ

आईएसपीआरएल की वार्षिक सामान्य बैठक का दृश्य

आईएसपीआरएल
ISPRL

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2023-24

विषय सूची / CONTENTS

क्रं. सं./ No.	विषय/SUBJECT	पृष्ठ संख्या/PAGE No.
1.	निदेशक मंडल Board of Director	11 102
2.	निदेशकों की रिपोर्ट Director's Report	13 110
3.	स्वतंत्र लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट Independent Auditor's Report	37 134
4.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा–परीक्षक की टिप्पणियां Comments of Comptroller & Auditor General of India (C&AG)	54 151
5.	सचिवालयीन लेखा–परीक्षा रिपोर्ट Secretarial Audit Report	55 152
6.	वार्षिक लेखे 2023–24 Annual Accounts 2023-24	60 157
7.	कॉर्पोरेट सूचना और महत्वपूर्ण लेखा नीतियां Corporate Information & Significant Accounting Policies	94 191

पंकज जैन
सचिव
Pankaj Jain
Secretary

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय
शास्त्री भवन, नई दिल्ली -110 001
Government of India
Ministry of Petroleum and Natural Gas
Shastri Bhawan, New Delhi - 110 001
Tel. : 011-23383501, 011-23383562
Fax : 011-23070723
E-mail : sec.png@nic.in

नवंबर 28, 2024

मैं निदेशक मंडल की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (आईएसपीआरएल) की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करता हूँ।

आईएसपीआरएल को किसी अप्रत्याशित व्यवधानों के विरुद्ध राष्ट्र की ऊर्जा की आवश्यकता एवं उसकी सुरक्षा के लिए स्थापित किया गया था। भारत सरकार के अटूट समर्थन और हमारे हितधारकों के विश्वास के साथ आईएसपीआरएल निरंतर एक गतिशील संगठन के रूप में उभर रहा है।

चरण-I के अंतर्गत मौजूद मजबूत अवसंरचना में तीन महत्वपूर्ण स्थलों विशाखापत्तनम, मैंगलोर और पादुर में 5.33 एमएमटी कच्चे तेल की भंडारण क्षमता शामिल है, जिसने भारत की आपात स्थिति से निपटने की क्षमता को सुदृढ़ किया है।

वर्ष 2021 में आंशिक व्यावसायीकरण हेतु मंत्रिमंडल से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, आईएसपीआरएल ने परिवर्तन के एक नए युग में प्रवेश किया है। मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि इस यात्रा के एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन के रूप में विशाखापत्तनम में एक 300 टीएमटी की क्षमता वाले एक कैवर्न को पट्टे पर देने के लिए एचपीसीएल के साथ समझौता किया गया है। इस व्यावसायिक प्रयास से राजस्व की प्राप्ति 19 जनवरी, 2024 से शुरू हुई जो इस संगठन की ऐतिहासिक उपलब्धि है।

हमारे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग ने आईएसपीआरएल की एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में इसकी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। मैंगलोर में कैवर्न-ए को भरने के लिए 2018 में एडनोक (ADNOC) के साथ किए गए समझौते को डीजीएफटी की अधिसूचना के माध्यम से और भी सुदृढ़ किया गया है, जिसमें मैंगलोर में एडनोक (ADNOC) से कच्चे तेल को पुन:आयात करके भंडारण करने की अनुमति प्रदान की है। यह विकास आईएसपीआरएल और इसके अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के बीच आपसी विश्वास और साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है।

चरण-II के तहत अपने स्ट्रेटेजिक रिजर्व्स को बढ़ाने के प्रयास में, आईएसपीआरएल ने पीपीपी मॉडल के माध्यम से डीबीएफओटी आधार पर कर्नाटक के पादुर में 2.5 एमएमटी क्षमता के विकास के लिए 21 फरवरी, 2024 को एक अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) जारी किया। इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया उन्नत चरण में है, जबकि चांदीखोल में भूमि आवंटन के लिए ओडिशा सरकार के साथ सक्रिय कार्रवाई की जा रही है, जिसका व्यवहार्यता अध्ययन पहले ही पूरा हो चुका है। इसके अतिरिक्त, भंडारण का और विस्तार करने के लिए, आईएसपीआरएल ने मैंगलोर के एमएसईजेडएल क्षेत्र में हाल ही में अधिगृहीत भूमि पर 1.5 एमएमटी क्षमता वाले एसपीआर विकसित करने के लिए व्यवहार्यता अध्ययन पूरा कर लिया है।

राष्ट्रीय सीमाओं से परे अपने दृष्टिकोण का विस्तार करते हुए, आईएसपीआरएल ओमान, जो कि अत्यधिक भू-राजनीतिक और परिचालन महत्व का स्थान है, जहाँ पर स्ट्रेटेजिक रिजर्व्स की स्थापना की संभावनाएं तलाश रहा है। जून 2023 में ओटको (OTTCO) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद, अब व्यवहार्यता अध्ययन चल रहे हैं जो हमारे संचालन में वैश्विक स्ट्रेटेजिक साझेदारी को एकीकृत करने की हमारी आकांक्षा को दर्शाता है।

परिचालन उत्कृष्टता आईएसपीआरएल की पहचान बनी हुई है। उत्तम स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई) मानकों के प्रति हमारे अटूट अनुपालना ने हमारी सभी साइटों पर शून्य हानि समय दुर्घटनाएं (एलटीए) सुनिश्चित की है। यह उपलब्धि नोएडा, विशाखापत्तनम, मैंगलोर, पादुर और भुवनेश्वर में कार्य कर रहे हमारे असाधारण टीमों के समर्पण और सतर्कता का प्रमाण है।

मैं अपने सम्मानित शेयरधारकों, बोर्ड के सहकर्मियों और सभी हितधारकों का उनके निरंतर विश्वास और समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। मैं तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और अन्य सरकारी और राज्य प्राधिकरणों को भी उनके अमूल्य मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त करता हूँ।

जैसे-जैसे आईएसपीआरएल अपनी यात्रा पर आगे बढ़ रहा है, हम भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता और लचीलेपन को मजबूत करने, राष्ट्र के लिए एक सुरक्षित एवं टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

पं. जै.

[पंकज जैन]

अध्यक्ष

श्री पंकज जैन

श्री पंकज जैन, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में भारत सरकार के सचिव के रूप में कार्य कर रहे हैं। आपको राष्ट्रीय और राज्य सरकारों में शासन के साथ–साथ नीति निर्माण और क्रियान्वयन में व्यापक अनुभव प्राप्त है। इसमें तेल और प्राकृतिक गैस, वित्तीय सेवाएं (बैंकिंग और संस्थागत वित्त), उद्योग, विद्युत, सूचना प्रौद्योगिकी, आजीविका और एमएसएमई के क्षेत्र शामिल हैं।

आपको पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस क्षेत्र, बैंकों, विकास वित्त संस्थानों, बीमा कंपनियों, गैर–बैंकिंग वित्त कंपनियों, बीमा कंपनियों, गैर–बैंकिंग वित्तीय संस्थानों, एक गारंटी कंपनी और विनियामक/पर्यवेक्षी निकायों में बोर्ड में अध्यक्ष/निदेशक के रूप में व्यापक अनुभव प्राप्त है।

निदेशक

श्री प्रवीण एम. खनूजा

श्री प्रवीण एम. खनूजा वर्तमान में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अपर सचिव के रूप में कार्यरत हैं। आप केमिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक और मैनेजमेंट एंड सिस्टम्स में एम.टेक हैं। आप भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा (आईए एंड एएस) के 1994 बैच से हैं और आपने रक्षा लेखा परीक्षा, रेलवे लेखा परीक्षा, राज्य सरकार लेखा और लेखा परीक्षा में बहुत–से क्षेत्रों और सीएजी मुख्यालयों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

आपने एफएओ, रोम; डब्ल्यूआईपीओ, जिनेवा; डब्ल्यूटीओ, स्पेन; जीएफएमडी, जिनेवा और यूनिटैड, जिनेवा की अनुपालन और कार्यनिष्पादन लेखापरीक्षा भी आयोजित की हैं। आप वर्ष 2018–2019 के दौरान जापान, थाईलैंड और तुर्की में विभिन्न एशियाई देशों के एसएआई अधिकारियों के लिए आईटी लेखापरीक्षा में मेंटॉर भी रहे हैं। आपने नेपाल, बांग्लादेश, ऑस्ट्रिया, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, पोलैंड, स्विट्जरलैंड और फ्रांस में विभिन्न द्विपक्षीय बैठकों और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भारत के सीएजी/भारत सरकार का प्रतिनिधित्व किया है।

आपने पूर्व में विभिन्न प्रतिनियुक्ति और प्रतिनियोजन समनुदेशों पर राजस्व विभाग और केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड के लिए निदेशक (वित्त); स्टेट ऑडिट इंस्टीट्यूट, ओमान सल्तनत, मस्कट में विशेषज्ञ, केंद्रीय आर्थिक आसूचना ब्यूरो में अपर महानिदेशक और पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ के महानिदेशक के रूप में भी कार्य किया है।

निदेशक

सुश्री कामिनी चौहान रतन

सुश्री कामिनी चौहान रतन, वर्ष 1997 बैच की उत्तर प्रदेश कैडर की आईएएस अधिकारी हैं। आप जेडीएमसी से कॉमर्स में स्नातक हैं और दिल्ली विश्वविद्यालय में बी.कॉम (पी) पाठ्यक्रम में टॉपर हैं। आपने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से एलएलबी और भोज ओपन यूनिवर्सिटी, भोपाल से एलएलएम भी किया है।

सेवा के शुरुआती वर्षों में आप आगरा, अयोध्या और लखनऊ में सब डिविजनल/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रह चुकी हैं। आपने मेरठ में मुख्य विकास अधिकारी के रूप में कार्य किया है और जिले में कई विकास गतिविधियों की शुरुआत की है। अंतर–राज्यीय कैडर प्रतिनियुक्ति पर, उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार में सेवा की और महिला वित्त एवं विकास निगम, मध्य प्रदेश के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया। आपने सुल्तानपुर, बुलंदशहर, सहारनपुर, बागपत और मेरठ में कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य किया है। आपको भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा सर्वश्रेष्ठ जिला निर्वाचन अधिकारी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है।

आप उत्तर प्रदेश सरकार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त, महानिरीक्षक (पंजीकरण) एवं स्टाम्प आयुक्त, आयुक्त (वाणिज्यिक कर) एवं आयुक्त (मनोरंजन कर) के पद पर विभागाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है।

आपने उत्तर प्रदेश राज्य में महिला एवं बाल विकास विभाग में सचिव, सचिव (वित्त) और सचिव (ग्रामीण विकास) के रूप में कार्य किया है। आपने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को प्रधान स्टॉफ अधिकारी के रूप में भी सहायता प्रदान की है।

आपने उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में संयुक्त सचिव (उच्च शिक्षा) के रूप में कार्य किया है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आप वर्तमान में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार के रूप में कार्य कर रही हैं।

आप भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बोर्ड में निदेशक के रूप में भी कार्य कर रही हैं।

निदेशक

सुश्री ईशा श्रीवास्तव

सुश्री ईशा श्रीवास्तव, 2004 बैच की भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं। आप वर्तमान में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग की संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

भारत के विदेश मंत्रालय के अलावा, आप थिम्पू, पेरिस में भारतीय दूतावास, कोलंबो में भारतीय उच्चायोग और यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधिमंडल में भी अपनी सेवाएं प्रदान कर चुकी हैं।

सुश्री श्रीवास्तव, लेडी श्री राम कॉलेज, नई दिल्ली की पूर्व छात्रा हैं। आप दिल्ली विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक विजेता भी हैं।

आपका विवाह श्री कार्तिक पांडे से हुआ है, जो भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी भी हैं। आपके दो बच्चे हैं।

आप ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) के बोर्ड में निदेशक के पद पर भी कार्यरत हैं। आप ओवीएल में परियोजना मूल्यांकन समिति की अध्यक्ष और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और स्थिरता (सीएसआरएंडएस) समिति और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की सदस्य हैं।

निदेशक

सुश्री वर्षा सिन्हा

सुश्री वर्षा सिन्हा एमए (राजनीति शास्त्र) और आपके पास पत्रकारिता एवं जनसंचार में पीजी डिप्लोमा, लोक प्रशासन में पीजी डिप्लोमा और एम.फिल (सामाजिक विज्ञान) की उपलब्धियां हैं।

भारत सरकार में सेवाभार ग्रहण करने से पहले, आपने लगभग चार वर्षों की अवधि के लिए पटना दूरदर्शन में उद्घोषक और कम्पेयर के रूप में कार्य किया। सुश्री सिन्हा ने ओडिसी नृत्य में नृत्य विशारद और नृत्य शिरोमणि भी प्राप्त किया है।

सुश्री वर्षा सिन्हा केंद्रीय सचिवालय सेवा की अधिकारी हैं। अपने ढाई दशक से अधिक के कैरियर के दौरान, आपने भारत सरकार में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। आपको भारत सरकार के विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, संस्कृति मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय (विदेश व्यापार महानिदेशालय) और दिल्ली विकास प्राधिकरण में कार्य करने का व्यापक अनुभव है। ओआईडीबी में सेवाभार ग्रहण करने से पहले, आप भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत थीं और स्थापना अधिकारी प्रभाग, सूचना का अधिकार अधिनियम, केंद्रीय सचिवालय सेवा, केंद्रीय सूचना आयोग और केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरणों से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य संभाल रही थीं।

आपने 1 दिसंबर, 2022 को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तेल उद्योग विकास बोर्ड में सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण किया और आईएसपीआरएल के बोर्ड में निदेशक, डीजीएच की प्रशासनिक परिषद के सदस्य, पीपीएसी, ओआईएसडी, सीएचटी की शासी परिषद/निकाय में सदस्य और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की हाइड्रोकार्बन संबंधी वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में भी कार्य कर रही हैं।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक

श्री एल. आर. जैन

श्री एल.आर. जैन 31 अक्टूबर, 2022 से इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (आईएसपीआरएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक (सीईओ और एमडी) हैं। आईएसपीआरएल भारत सरकार द्वारा बनाया गया एक विशेष प्रयोजन व्हीकल है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन ओआईडीबी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसे विशेष रूप से देश के लिए स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स के निर्माण और संचालन के लिए बनाया गया है।

आप बीआईटीएस पिलानी से मैकेनिकल इंजीनियर हैं और एसपीजेआईएमआर से एमबीए (पीजीईएमपी) हैं और आप भारत की प्रमुख तेल विपणन कंपनी बीपीसीएल में परियोजनाओं के निष्पादन, क्रॉस कंट्री पाइपलाइनों और पीओएल अधिष्ठापनों की खरीद और संचालन में चार दशकों से अधिक का विशाल अनुभव रखते हैं।

आईएसपीआरएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले, आप प्रभारी कार्यकारी निदेशक के रूप में बीपीसीएल के विपणन प्रभाग की इंजीनियरिंग और परियोजना (ईएंडपी) इकाई का नेतृत्व कर रहे थे और देश भर में ग्रीन फील्ड एलपीजी बॉटलिंग प्लांट्स/विमानन स्टेशन/पीओएल टर्मिनल/तटीय क्रायोजेनिक सुविधाओं/2जी/1जी इथेनॉल रिफाइनरी सहित परियोजनाओं के निष्पादन के लिए जिम्मेदार थे।

श्री जैन ने वर्ष 2019 से कांडला–गोरखपुर एलपीजी पाइपलाइन लगाने के लिए आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के संयुक्त उद्यम मैसर्स आईएचबी के निदेशक का पद भी संभाला और इस परियोजना का नेतृत्व किया, जो भली–भांति प्रगति पर है।

बीपीसीएल में आपके द्वारा संभाले गए अन्य नेतृत्व पदों में कार्यकारी निदेशक (सीपीओ) के रूप में बीपीसीएल के विपणन प्रभाग के केंद्रीय खरीद संगठनों का नेतृत्व करना शामिल है, जो इथेनॉल सहित लगभग ₹ 8000 करोड़ मूल्य के गैर–हाइड्रोकार्बन माल और सेवाओं की खरीद के लिए जिम्मेदार है। आपने बीपीसीएल के पाइपलाइन प्रभाग का भी नेतृत्व किया, जो बीपीसीएल के लगभग 3000 किलोमीटर पाइपलाइन नेटवर्क के संचालन और विभिन्न ग्रीनफील्ड क्रॉस कंट्री पाइपलाइन परियोजनाओं के निष्पादन के लिए जिम्मेदार है।

निदेशक मंडल

श्री पंकज जैन	अध्यक्ष	**(20.01.2022 से)**
श्री प्रवीण एम. खनूजा	निदेशक	**(17.02.2023 से)**
सुश्री कामिनी चौहान रतन	निदेशक	**(21.12.2022 से)**
सुश्री ईशा श्रीवास्तव	निदेशक	**(22.12.2021 से)**
सुश्री वर्षा सिन्हा	निदेशक	**(15.12.2022 से)**
श्री एल. आर. जैन	मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक	**(31.10.2022 से)**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक

श्री एल. आर. जैन

कंपनी सचिव

सुश्री शिल्पी मोहंती

सांविधिक लेखा परीक्षक

प्रसाद आजाद एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट

सचिवालीय लेखा परीक्षक

पीजी एंड एसोसिएट्स,
कंपनी सचिव

बैंकर

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
एम–41, कनॉट सर्कस,
नई दिल्ली–110 001

पंजीकृत कार्यालय

301, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, तीसरी मंजिल, बाबर रोड, नई दिल्ली–110 001
दूरभाषः 011–23412278

प्रशासनिक कार्यालय

ओआईडीबी भवन, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर–73, नोएडा–201 301, उत्तर प्रदेश
दूरभाष : 91–120–2594661, फैक्स नंबर : 91–120–2594643
वेबसाइट : www.isprlindia.com
ईमेल : isprl@isprlindia.com

विशाखापत्तनम परियोजना कार्यालय
लोवागार्डन, एचएसएल फैब्रिकेशन यार्ड के पीछे,
गांधीग्राम डाकघर, विशाखापत्तनम – 530 005

मैंगलोर परियोजना कार्यालय
चंद्रहास नगर, कलावर डाकघर, बाजपे वाया,
मंगलुरु–574 142

पादुर परियोजना कार्यालय

डाकघरः पादुर, वाया कापू, जिला उडुपी – 574 106, कर्नाटक

निदेशकों की रिपोर्ट

सेवा में,
शेयरधारकगण,
इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड

आपकी कंपनी के निदेशक मंडल को 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के कार्यकरण पर 20वीं वार्षिक रिपोर्ट, और उसके साथ लेखापरीक्षित लेखा विवरण और उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए हर्ष हो रहा है।

I. वित्तीय परिणाम

31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपकी कंपनी के वित्तीय परिणामों की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं :

(₹ लाख में)

क्रम सं.	विवरण	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
1	सकल अचल परिसंपत्ति (मूर्त और अमूर्त)	3,73,773.71	3,73,759.79
	घटाएँ: – संचित मूल्यह्रास	68,404.72	58,502.71
निवल अचल परिसंपत्ति		**3,05,368.99**	**3,15,257.08**
2	कुल गैर–चालू परिसंपत्तियाँ	27,007.06	29,892.89
3	कुल चालू परिसंपत्तियाँ	34,798.82	5,113.85
कुल परिसंपत्ति (1+2+3)		**3,67,174.87**	**3,50,263.82**
4	संचित हानि सहित कुल इक्विटी	3,06,967.08	3,15,837.02
5	कुल गैर–चालू देयताएँ	582.04	572.08
6	कुल चालू देयताएँ	59,625.75	33,854.72
कुल देयताएं (4+5+6)		**3,67,174.87**	**3,50,263.82**
लाभ और हानि खाते की मदें			
क्रम सं.	**विवरण**	**31 मार्च, 2024**	**31 मार्च, 2023**
1	प्रचालन से राजस्व	1,047.74	205.81
2	अन्य आय	14,532.98	14,966.21
(क) कुल आय (1+2)		**15,580.72**	**15,172.02**
3	मूल्यह्रास और परिशोधन	9,902.36	9,943.14
4	व्यय (मूल्यह्रास को छोड़कर)	14,548.30	14,930.26
(ख) कुल व्यय (1+2)		**24,450.66**	**24,873.40**
अवधि के लिए निवल हानि (क–ख)		**-8,869.94**	**-9,701.38**
चरण II (प्राप्तियां और व्यय)			
क्रम सं.	**विवरण**	**31 मार्च, 2024**	**31 मार्च, 2023**
1	**परियोजना–पूर्व गतिविधि के लिए :–** वर्ष के दौरान प्राप्त कुल अनुदान (निवल आधार पर)	298.81	शून्य
2	संदेय राशि के प्रावधान सहित वर्ष के दौरान किया गया कुल व्यय	शून्य	314.15

क्रम सं.	विवरण	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
3	**भूमि खरीद हेतु :–** वर्ष के दौरान प्राप्त कुल अनुदान (निवल आधार पर)	शून्य	शून्य
4	संदेय राशि के प्रावधान सहित वर्ष के दौरान किया गया कुल व्यय	7,821.29	4.17
मैंगलोर एमएसईजेड में चरण-I विस्तार (प्राप्तियां और व्यय)			
क्रम सं.	**विवरण**	**31 मार्च, 2024**	**31 मार्च, 2023**
1	**भूमि खरीद हेतु :–** भूमि के लिए अग्रिम सहित वर्ष के दौरान प्राप्त कुल अनुदान (निवल आधार पर)	4,000.00	शून्य
2	वर्ष के दौरान किया गया कुल व्यय	**2,069.39**	**200.00**

II. कार्य–निष्पादन विवरण

क. प्रस्तावना

भारत सरकार (जीओआई) ने देश की ऊर्जा सुरक्षा के स्ट्रेटेजिक उद्देश्य को पूरा करने के हित में, 7 जनवरी, 2004 को तीन स्थानों पर 5 एमएमटी के स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स (एसपीआर) बनाने का निर्णय लिया और कच्चे तेल के स्ट्रेटेजिक भंडार के निर्माण और संचालन के लिए एक विशेष प्रयोजन व्हीकल (एसपीवी) बनाने का गठन किया। चूंकि भारत विकास के लिए आर्थिक गतिविधियों का समर्थन करने और अपने नागरिकों की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कच्चे तेल के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है, इसलिए इन एसपीआर की परिकल्पना, विशेष रूप से बाहरी कारणों से आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए बफर के रूप में की गई थी। असाधारण परिस्थितियों में, कच्चे तेल के बफर स्टॉक का उपयोग वैश्विक तेल की कीमतों में असामान्य वृद्धि के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए किया जा सकता है।

एसपीवी, इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (आईएसपीआरएल) का गठन आरम्भ में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सहायक कंपनी के रूप में किया गया था, जो 09.05.2006 को तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गई।

पादुर के भूमिगत कच्चे तेल भंडारण का रॉक कैवर्न का दृश्य

5.03 एमएमटी क्षमता के एसपीआर के निर्माण की प्रारंभिक लागत का वित्तपोषण ओआईडीबी द्वारा किया गया था और आईएसपीआरएल की इक्विटी की समतुल्य राशि ओआईडीबी को अंतरित की गई थी। विशाखापत्तनम में 0.3 एमएमटी क्षमता की अतिरिक्त कैवर्न का निर्माण किया गया था, जिसे एचपीसीएल द्वारा वित्तपोषित किया गया था। विशाखापत्तनम (1.03 + 0.03 एमएमटी), मैंगलोर (1.5 एमएमटी) और पादुर (2.5 एमएमटी) में कैवर्न का निर्माण वर्ष 2015–2017 के दौरान पूरा किया गया था। ये सुविधाएं वर्ष 2015 से 2018 के दौरान चालू की गईं।

एसपीआर में कच्चे तेल (4.28 एमएमटी) को भरने के लिए भारत सरकार द्वारा निधियां उपलब्ध कराई गईं और एसपीआर के वार्षिक संचालन और अनुरक्षण (ओएंडएम) के लिए अनुदान भी दिया गया।

भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी ने 10 फरवरी, 2019 को इन एसपीआर को राष्ट्र को समर्पित किया।

ख. एडनोक के साथ करार

अवसंरचना संबंधी समिति (सीसीआई) और सीसीईए के निर्देशों के अनुसार, एसपीआर में भरे जाने वाले कच्चे तेल की आंशिक लागत के वित्तपोषण के लिए वैकल्पिक मॉडल तलाशने के प्रयास किए गए। 25 जनवरी, 2017 को आईएसपीआरएल और एडनोक के बीच तेल भंडारण और प्रबंधन पर एक नियत करार पर हस्ताक्षर किए गए। करार के अनुसार, एडनोक द्वारा मैंगलोर के कैवर्न–ए को 5.86 मिलियन बैरल डीएएस ग्रेड कच्चे तेल से भरा गया। एडनोक को आईएसपीआरएल द्वारा स्ट्रेटेजिक उपयोग के लिए न्यूनतम 50% भंडारण क्षमता बनाए रखना आवश्यक है। शेष 50% भंडारण क्षमता एडनोक के पास वाणिज्यिक उपयोग के लिए उपलब्ध होगी।

डीजीएफटी द्वारा 23 मार्च, 2024 को आईएसपीआरएल मैंगलोर कैवर्न–ए से कच्चे तेल के पुनः निर्यात की अनुमति देते हुए अधिसूचना जारी की गई। अधिसूचना के अनुसार एएमआई (एडनोक मार्केटिंग इंटरनेशनल (इंडिया) आरएससी लिमिटेड इंडिया) को एसटीई शर्तों से छूट दी गई है और उन्हें मैंगलोर एसपीआर में अपने वाणिज्यिक भंडार से अपने स्वयं के खर्च पर कच्चे तेल का पुनः निर्यात करने की अनुमति है। इसके बाद, मैसर्स एडनोक को पुनः निर्यात की अनुमति देने के लिए मैसर्स एडनोक के साथ एक साइड लेटर करार पर हस्ताक्षर किए गए।

ग. आंशिक व्यवसायीकरण

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8 जुलाई, 2021 को आयोजित कैबिनेट बैठक के दौरान आईएसपीआरएल के व्यावसायीकरण का अनुमोदन दिया, जिसमें आईएसपीआरएल को एसपीआर कार्यक्रम के चरण–I के तहत कैवर्न में संग्रहीत कच्चे तेल के साथ आंशिक वाणिज्यिक गतिविधियां करने की अनुमति दी गई, जिसमें आईएसपीआरएल को एसपीआर क्षमता का 30% किराए/पट्टे पर देने और एसपीआर क्षमता का 20% कच्चे तेल की बिक्री/खरीद के लिए उपयोग करने की अनुमति दी गई।

आंशिक व्यावसायीकरण की दिशा में पहले कदम के रूप में, आईएसपीआरएल ने 19 जनवरी, 2024 से विशाखापत्तनम में एचपीसीएल को 300 टीएमटी (2.17 मिलियन बीबीएल) कैवर्न क्षमता किराए पर देने के लिए एचपीसीएल के साथ एक करार किया है। 7 फरवरी, 2024 को गोवा में आईईडब्ल्यू 2024 में आईएसपीआरएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक तथा एचपीसीएल के कार्यकारी निदेशक (आईटी) द्वारा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अपर सचिव, आईडीबी के सचिव, एचपीसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा आईएसपीआरएल एवं एचपीसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण की उपस्थिति में एक औपचारिक करार पर हस्ताक्षर किए गए। पट्टे पर दी गई क्षमता का उपयोग एचपीसीएल द्वारा बसरा मीडियम क्रूड ऑयल के भंडारण के लिए किया जाएगा। किसी आपात स्थिति में, इस कच्चे तेल के उपयोग पर भारत सरकार का पहला अधिकार होगा। इसके साथ ही आईएसपीआरएल ने आत्मनिर्भरता की दिशा में पहला कदम उठाते हुए राजस्व अर्जित करना शुरू कर दिया है।

07.02.2024 को आईईडब्ल्यू गोवा में एचपीसीएल के साथ कैवर्न–ए विशाखापत्तनम को किराए पर देने के लिए करार पर हस्ताक्षर

घ. एसपीआर के प्रचालन

आपकी कंपनी ने अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए कई पहल की हैं। विशाखापत्तनम, मैंगलोर और पादुर में एसपीआर के संचालन और अनुरक्षण के संबंध में मुख्य बातें नीचे दी गई हैं:

i. विशाखापत्तनम (भंडारण क्षमता: 1.33 एमएमटी)

विशाखापत्तनम कैवर्न को वर्ष 2015 में चालू किया गया था। इस सुविधा में दो कम्पार्टमेंट – कैवर्न ए (1.03 एमएमटी) और कैवर्न बी (0.3 एमएमटी) हैं। कैवर्न ए स्ट्रेटेजिक क्रूड ऑयल के लिए है और इसे भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई निधियों से भरा जाता है। एचपीसीएल ने आनुपातिक लागत साझाकरण के आधार पर कैवर्न बी को स्वयं अध्यासित कर लिया है। इसका उपयोग एचपीसीएल द्वारा विशाखापत्तनम में अपने रिफाइनरी संचालन के लिए नियमित रूप से किया जा रहा है।

इस वर्ष कोई एलटीए (लॉस टाइम एक्सीडेंट) की सूचना नहीं मिली। एसपीआर पर जल आच्छादन स्तर की निरंतर निगरानी और पुनःपूर्ति करके एसपीआर के 24/7 संचालन को सुनिश्चित किया गया। एसपीआर की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए सम्पूर्ण स्टेशन में बोरहोल लॉग की हाइड्रोलॉजिकल निगरानी की गई। निवारक अनुरक्षण गतिविधियाँ तय समय के अनुसार आयोजित की गईं। आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहने के लिए आईएसपीआरएल द्वारा आपसी सहायता सदस्यों और वैधानिक प्राधिकरणों के साथ मॉक ड्रिल आयोजित की गई। जिला अधिकारियों के समन्वय और उप अग्निशमन मुख्य निरीक्षक विशाखापत्तनम की उपस्थिति में 2 फरवरी, 2024 को आपदा नियंत्रण प्रबंधन योजना (डीसीएमपी) मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

आईएसपीआरएल विशाखापत्तनम को 19.01.2024 को कैवर्न ए में 300 टीएमटी क्षमता को पट्टे/किराए पर देने के लिए एचपीसीएल के बसरा मीडियम क्रूड की पहली खेप प्राप्त हुई।

आईएसपीआरएल विशाखापत्तनम में आपदा नियंत्रण प्रबंधन मॉक ड्रिल का दृश्य

- येरदा समुद्रतट पर "स्वच्छता पखवाड़ा विशेष अभियान 3.0" समुद्रतट सफाई के लिए विशाल गतिविधि का आयोजन किया गया
- आईएसपीआरएल, विशाखापत्तनम परिसर के अंदर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से "रक्तदान शिविर" का आयोजन किया गया।
- आईएसपीआरएल विशाखापत्तनम में सुरक्षा प्रदान करने वाले आईटीबीपी के जवानों को आवास के लिए आरआईएनएल विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के टाउनशिप क्वार्टर में स्थानांतरित किया गया। इससे पहले उन्हें पट्टा किराए के आधार पर पुराने कॉलेज भवन में आवास दिया जा रहा था। आवास के इस स्थानांतरण के परिणामस्वरूप प्रति वर्ष किराये के भुगतान में लगभग 50 लाख की बचत हुई है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस पर संसदीय स्थायी समिति ने माननीय सांसद श्री रमेश बिधूड़ी की अध्यक्षता में 16.01.2024 को आईएसपीआरएल, विशाखापत्तनम साइट का दौरा किया। समिति के सदस्यों ने आईएसपीआरएल संयंत्र सुविधाओं का दौरा किया और आईएसपीआरएल टीम के समर्पित प्रयासों की सराहना की।

16.01.2024 को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस संबंधी संसदीय स्थायी समिति का दौरा का दृश्य

आईएसपीआरएल विशाखापत्तनम में संसदीय स्थायी समिति के सदस्य का दृश्य

विशाखापत्तनम में आईएसपीआरएल की टीम का दृश्य

ii. गैंगलोर (भंडारण क्षमता: 1.5 एमएमटी)

मैंगलोर कैवर्न सुविधा मैंगलोर एसईजेड क्षेत्र में स्थित है। सुविधा में 0.75 एमएमटी क्षमता की दो कैवर्न हैं।

मैंगलोर कैवर्न–बी को अक्टूबर, 2016 माह में चालू किया गया था। मैंगलोर के कैवर्न–ए को भरने के लिए एडनोक के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए गए थे। मैंगलोर के लिए कच्चे तेल की पहली वीएलसीसी शिपमेंट को 12 मई, 2018 को माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री द्वारा अबू धाबी से हरी झंडी दिखाई गई और 19 मई, 2018 को आईएसपीआरएल मैंगलोर में प्राप्त किया गया।

इस वर्ष कोई एलटीए (हानि समय दुर्घटना) की सूचना नहीं मिली। एसपीआर पर जल आच्छादन स्तर की लगातार निगरानी और पुनःपूर्ति करके एसपीआर का 24/7 संचालन सुनिश्चित किया गया। एसपीआर की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए नियमित हाइड्रोजियोलॉजिकल निगरानी और बोर होल से पानी का नमूना लिया गया। निवारक अनुरक्षण गतिविधियाँ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की गईं।

आईएसपीआरएल टीम ने 42'' क्रूड पाइपलाइन के लगभग 90 मीटर आरओयू की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया है, जो वर्ष 2023 के मानसून के दौरान मैंगलोर में भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था।

आईएसपीआरएल मैंगलोर ने लघु उद्योग श्रेणी में राज्य स्तरीय सुरक्षा पुरस्कार में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

- 4 मार्च से 10 मार्च, 2024 राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह अभियान–2024 तक चलाया गया।
- 11 से 17 जनवरी, 2024 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान मनाया गया।

- सभी कर्मचारियों के लिए सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग और सुरक्षात्मक ड्राइविंग तकनीक प्रशिक्षण जैसी जागरूकता प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण का दृश्य

आईएसपीआरएल मैंगलोर में डीसीएमपी ड्रिल

iii. पादुर (भंडारण क्षमता : 2.5 एमएमटी)

पादुर परियोजना के लिए, उडुपी जिले के पादुर गांव में कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरिया डेवलेपमेंट बोर्ड (केआईएडीबी) के माध्यम से 179 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था। यह आईएसपीआरएल द्वारा निष्पादित सबसे बड़ी परियोजना है और इसे दिसंबर, 2018 में चालू किया गया था।

चालू वर्ष के दौरान :–

- पादुर टीम ने फरवरी, 2024 में बाह्य सुरक्षा लेखापरीक्षा (संयंत्र सुरक्षा और विद्युत सुरक्षा) सफलतापूर्वक पूरा की।
- विद्युत सुरक्षा सप्ताह (जून, 26 से जुलाई, 2, 2023) के दौरान आईएसपीआरएल पादुर साइट पर सभी संयंत्र कर्मचारियों के लिए विद्युत सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- पादुर टीम ने घरेलू संसाधनों के माध्यम से बाढ़ के दौरान जलमग्न दो प्रमुख डीवाटरिंग मोटरों की ओवरहालिंग का कार्य पूरा किया। आउटसोर्सिंग लागत बचाने के लिए मरम्मत कार्य आंतरिक ओ एंड एम इलेक्ट्रिकल टीम द्वारा किया गया।

इस वर्ष कोई एलटीए (हानि समय दुर्घटना) की सूचना नहीं मिली। एसपीआर पर जल आच्छादन स्तर की लगातार निगरानी और पुनःपूर्ति करके एसपीआर का 24/7 संचालन सुनिश्चित किया गया। एसपीआर की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए हाइड्रोजियोलॉजिकल और बोर होल की निगरानी की गई। निवारक अनुरक्षण गतिविधियाँ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की गईं।

पादुर कैवर्न में निष्क्रिय परिवेश बनाए रखने के लिए प्रयुक्त नाइट्रोजन वाहिकाएं

ङ. इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) 2024, गोवा

आईएसपीआरएल ने 11 से 14 फरवरी, 2024 तक गोवा में आयोजित इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) में भाग लिया। आईएसपीआरएल ने पहली बार आईईडब्ल्यू कार्यक्रम में अपना स्वयं का स्टॉल लगाया। भारत और दुनिया भर में विभिन्न तेल कंपनियों और संबद्ध विक्रेताओं के कई वरिष्ठ प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने आईएसपीआरएल स्टॉल का दौरा किया और एसपीआर के उद्देश्य और प्रक्रिया को समझने में रुचि ली। एसपीआर का एक मॉडल वर्चुअल थ्री डी वॉकथ्रू के साथ प्रदर्श–पटल पर रखा गया था, जिसे आगंतुकों ने काफी सराहा।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव श्री पंकज जैन का आईएसपीआरएल स्टॉल आईईडब्ल्यू 2024, गोवा में स्वागत

सुश्री ईशा श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव (आईसी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आईईडब्ल्यू 2024, गोवा में आईएसपीआरएल स्टॉल का दौरा

आईईडब्ल्यू 2024, गोवा में आईएसपीआरएल स्टॉल पर माननीय राज्य मंत्री श्री रामेश्वर तेली

आईईडब्ल्यू 2024, गोवा में आईएसपीआरएल की टीम

च. माननीय राज्य मंत्री, श्री रामेश्वर तेली का आईएसपीआरएल मुख्यालय, नोएडा का दौरा

माननीय राज्य मंत्री श्री रामेश्वर तेली का क्रूड ऑयल कैवर्न के मॉडल से परिचय

ओआईडीबी भवन में योग दिवस समारोह का दृश्य

छ. आईएसपीआरएल की जारी परियोजनाओं की स्थिति

i. पादुर, जिला उडुपी, कर्नाटक में चरण–II के तहत 2.5 एमएमटी का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम भंडार

पादुर परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए, आईएसपीआरएल ने नवंबर 2020 में केआईएडीबी को भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता प्रस्तुत की। केआईएडीबी ने 22 फरवरी, 2023 को 214.79 एकड़ पादुर भूमि के लिए अंतिम राजपत्र अधिसूचना जारी की है और इसे 24 मार्च, 2023 को प्रेस में प्रकाशित किया गया है। भूमि के लिए आईएसपीआरएल द्वारा केआईएडीबी को कुल ₹176 करोड़ का भुगतान किया गया है। केआईएडीबी डीसी, उडुपी के परामर्श से आर एंड आर पैकेज और भूस्वामियों को मुआवजे को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है।

पादुर में एसपीएम के लिए समुद्री सर्वेक्षण, मॉडलिंग और अपतटीय पाइपलाइन मार्ग सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। पादुर में एसपीएम के लिए डीएफआर का कार्य पूरा हो गया है।

मैसर्स डेलॉइट टौचे को आरएफपी तैयारी के लिए लेनदेन सलाहकार और पीपीपी मॉडल के लिए आवश्यक चरण II के रियायती करार की तैयारी के लिए कानूनी सलाहकार मैसर्स एजेडबी साझेदार के रूप में नियुक्त किया गया है। सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड डीबीएफओ आधार पर पादुर चरण II के लिए आरएफपी 21 फरवरी, 2024 को जारी किया गया था।

ii. चांदीखोल, जिला जाजपुर, ओडिशा में चरण–II के तहत 4.0 एमएमटी का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स

ईआईएल द्वारा डीएफआर अध्ययन पूरा होने के बाद, 4 एमएमटी क्षमता की एसपीआर सुविधाएं स्थापित करने के लिए चांदीखोल में 400 एकड़ भूमि के आवंटन के लिए आईएसपीआरएल द्वारा 30 सितंबर, 2019 को एक आवेदन ओडिशा सरकार को प्रस्तुत किया गया था। भूमि आवेदन के मूल्यांकन के बाद ओडिशा सरकार ने आईएसपीआरएल को चांदीखोल, ओडिशा के पास एक वैकल्पिक स्थान की संभावना तलाशने की सलाह दी।

वैकल्पिक साइटों का मूल्यांकन करने के लिए 23 और 24 मई, 2023 को ईआईएल और आईएसपीआरएल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा साइट का एक संयुक्त दौरा किया गया।

आईएसपीआरएल ने मैसर्स इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के माध्यम से डेस्कटॉप अध्ययन किया और सेटेलाइड चित्रों की समीक्षा की और जाजपुर के पास माझीफाड़ा पहाड़ियों के पास स्थान की पहचान की। उपरोक्त स्थान के लिए एएसआई सर्वेक्षण किया गया है और रिपोर्ट ओडिशा सरकार को सौंपी गई है।

iii. मैंगलोर में चरण–I विस्तार के लिए एमएसईजेडएल में भूमि अधिग्रहण

डेलिगेटेड इंवेस्टेड बोर्ड (डीआईबी) ने 17.02.2023 को मैंगलोर एमएसईजेडएल में एसपीआर और संबंधित सुविधाओं के निर्माण के लिए मैंगलोर स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एमएसईजेडएल) से इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (आईएसपीआरएल) द्वारा भूमि (154.9 एकड़) के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आईएसपीआरएल ने 17 मार्च, 2023 को एमएसईजेडएल क्षेत्र मैंगलोर में 154.90 एकड़ भूमि के प्लॉट आकार के लिए एमएसईजेडएल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

ईआईएल को उपरोक्त साइट के लिए विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने का कार्य सौंपा गया है। स्थलाकृति और हाइड्रोजियोलॉजिकल सर्वेक्षण पूरे हो चुके हैं और मैंगलोर में 1.5 से 2 एमएमटी क्षमता वाले कैवर्न्स के चरण I विस्तार की स्थापना के लिए डीएफआर के लिए डाटा एकत्र किया गया है।

iv. नई परियोजनाओं के लिए पीएफआर/डीएफआर

बीकानेर में कच्चे तेल के भंडारण के लिए साल्ट कैवर्न्स के निर्माण के लिए डीएफआर अध्ययन, बीना में सामरिक भंडार के लिए पीएफआर तथा मैंगलोर और पादुर में भूमि के ऊपर भंडारण टैंक के लिए पीएफआर अध्ययन करने की परिकल्पना की गई है। आईएसपीआरएल और ईआईएल अधिकारियों की एक टीम ने फरवरी, 2024 में बीकानेर के पास संभावित साल्ट कैवर्न्स के लिए साइट का दौरा किया।

ज. ओटीटीसीओ के साथ समझौता–ज्ञापन

25 जून, 2023 को भूमि के ऊपर भंडारण टैंकों के निर्माण के लिए व्यवहार्यता अध्ययन करने के लिए आईएसपीआरएल द्वारा ओटीटीसीओ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

III. लाभांश

आपके निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए किसी लाभांश की अनुशंसा नहीं की है।

IV. आरक्षित निधियों का अंतरण

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान हुई हानि को 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की आरक्षित निधि में अंतरित कर दिया गया है।

V. सार्वजनिक जमा

कंपनी ने 31 मार्च, 2024 तक जनता से किसी भी सावधि जमा को आमंत्रित, स्वीकार या नवीनीकृत नहीं किया है और तदनुसार, उसके संबंध में कोई मूलधन या ब्याज बकाया नहीं है।

VI. लेखापरीक्षा समिति

बोर्ड ने लेखापरीक्षा समिति का गठन किया है। 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार लेखापरीक्षा समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे:

1. श्री प्रवीण एम. खनूजा, अपर सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय/निदेशक, आईएसपीआरएल : अध्यक्ष
2. सुश्री कामिनी चौहान रतन, अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय/निदेशक, आईएसपीआरएल : सदस्य
3. सुश्री ईशा श्रीवास्तव, जेएस (आईसी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय/निदेशक, आईएसपीआरएल : सदस्य
4. सुश्री वर्षा सिन्हा, सचिव, ओआईडीबी/निदेशक, आईएसपीआरएल : सदस्य
5. श्री एल. आर. जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक, आईएसपीआरएल : सदस्य

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या और तारीखें, जिसमें प्रत्येक निदेशक द्वारा भाग लेने वाली बैठकों की संख्या को दर्शाया गया है, **अनुलग्नक–क** में दी गई है।

VII. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति

कंपनी की एक सीएसआर नीति है जो कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। कंपनी ने वर्ष के दौरान सीएसआर गतिविधियों पर कोई धनराशि व्यय नहीं की है क्योंकि कंपनी ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान कोई लाभ अर्जित नहीं किया है। इसलिए, वित्त वर्ष 2023–24 में सीएसआर समिति की कोई बैठक नहीं हुई।

31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार सीएसआर समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे :

1. सुश्री ईशा श्रीवास्तव, जेएस (आईसी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय/निदेशक, आईएसपीआरएल : अध्यक्ष
2. श्री एल. आर. जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक, आईएसपीआरएल : सदस्य

VIII. वार्षिक विवरणी

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(क) के साथ पठित धारा 92(3) के प्रावधान के अनुसार, 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार कंपनी की वार्षिक विवरणी इसकी वेबसाइट https://isprlindia.com/annual-report.asp उपलब्ध कराई गई है।

IX. बोर्ड की बैठकें

वित्तीय वर्ष 2023–24 में कंपनी के निदेशक मंडल की निम्नलिखित पांच बैठकें आयोजित की गईं:

1. 21 अप्रैल, 2023
2. 08 मई, 2023
3. 30 जून, 2023
4. 26 सितंबर, 2023
5. 14 दिसंबर, 2023

वित्तीय वर्ष के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या और तारीखें, जिसमें प्रत्येक निदेशक द्वारा भाग लेने वाली बैठकों की संख्या को दर्शाया गया है, **अनुलग्नक–क** में दी गई है।

X. व्यवसाय के स्वरूप में परिवर्तन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान व्यवसाय के स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

XI. कार्मिकों का विवरण

कंपनी के पास ऐसा कोई कार्मिक नहीं है जिसके संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों तथा कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 के अंतर्गत विवरण प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित हो।

XII. स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा

कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और अर्हता) नियम, 2014 के नियम 4 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के अनुसार, एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी होने के नाते, कंपनी में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति करने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान कंपनी के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं है।

XIII. जोखिम प्रबंधन

कंपनी की निरंतर सफलता के लिए प्रभावी जोखिम प्रबंधन महत्वपूर्ण है। कंपनी के पास कंपनी के प्रचालन से जुड़े जोखिम की पहचान करने और जोखिमों को कम करने के लिए उचित सुधारात्मक कदम उठाने के लिए एक जोखिम प्रबंधन नीति है। कंपनी से जुड़े प्रमुख जोखिम कच्चे तेल की प्राप्ति और भंडारण और डिलीवरी से संबंधित हैं। मानक संचालन प्रक्रियाओं और पर्याप्त बीमा कवर को अपनाकर इन जोखिमों को कम किया जाता है।

XIV. शेयर पूंजी

वर्ष के दौरान, कंपनी ने इक्विटी शेयर पूंजी जारी नहीं की है।

XV. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पूर्णकालिक मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक निम्नलिखित थे :

क)	मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक	श्री एल. आर. जैन
ख)	मुख्य वित्तीय अधिकारी	श्री गोपेश्वर कुमार सिंह (14.05.2024 तक)
ग)	मुख्य वित्तीय अधिकारी	श्री अजय दशोरे (15.05.2024 से 09.06.2024 तक)
घ)	मुख्य वित्तीय अधिकारी	श्री दीपक कुमार (10.06.2024 से)
ङ)	कंपनी सचिव	सुश्री शिल्पी मोहंती (06.06.2023 से)
च)	कंपनी सचिव	श्री अरुण तलवार (15.05.2023 तक)

XVI. पारिश्रमिक

आईएसपीआरएल के बोर्ड में, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक के सिवाय, सभी निदेशक गैर–कार्यकारी निदेशक हैं, जिन्हें पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) द्वारा नामित किया गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा नामित गैर–कार्यकारी निदेशक को कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाता है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक को दिया जाने वाला पारिश्रमिक आईएसपीआरएल बोर्ड और शेयरधारकों द्वारा एजीएम में स्वीकृत उनके रोजगार की शर्तों के अनुसार है।

कंपनी के प्रमुख पदों पर तेल पीएसई से प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारी कार्यरत हैं, जिन्हें उनकी संबंधित मूल कंपनियों की नीतियों के अनुसार पारिश्रमिक मिलता है।

इसके अलावा, मैंगलोर में 12 कार्मिकों की नियुक्ति की गई है, जिनकी भूमि आईएसपीआरएल ने परियोजना के लिए अधिग्रहित की थी। इन कार्मिकों को ओआईडीबी नीतियों के अनुसार पारिश्रमिक मिलता है।

XVII. वित्तीय वर्ष की समाप्ति और रिपोर्ट की तारीख के बीच वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धताएं

कंपनी के वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद, जिससे तुलन–पत्र संबंधित है, तथा रिपोर्ट की तारीख के बाद कोई भी महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है।

XVIII. भविष्य में कंपनी का चालू रहने की स्थिति और कंपनी के प्रचालनों को प्रभावित करने वाले विनियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय आदेशों का ब्यौरा

विनियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा ऐसा कोई महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय आदेश पारित नहीं किया गया, जिससे भविष्य में कंपनी की चालू रहने की स्थिति और प्रचालन पर कोई प्रभाव पड़े।

XIX. सहायक/संयुक्त उद्यम/सहयोगी कंपनियां

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अंतर्गत कंपनी की कोई सहायक/संयुक्त उद्यम/सहयोगी कंपनी नहीं है।

XX. लेखापरीक्षक

(i) सांविधिक लेखापरीक्षा

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी एंड एजी) ने मैसर्स प्रसाद आजाद एंड कंपनी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (डीई0029), 1207, सूर्य किरण बिल्डिंग, 19, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली– 110001 को कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया था, जिसने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखाओं पर अपनी रिपोर्ट **(अनुलग्नक–ख)** प्रस्तुत की। सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा अपनी रिपोर्ट में निम्नलिखित योग्य राय प्रदान की गई है:–

''चरण–II के लिए प्राप्त अनुदान में से, सक्षम प्राधिकारी/पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुमोदन के बिना मैंगलोर एसईजेड लिमिटेड को भूमि के अधिग्रहण के लिए पट्टा प्रीमियम के चरण–I के विस्तार के लिए वर्ष के दौरान ₹2069.39 लाख की राशि का भुगतान और उपयोग किया गया था। जिसके कारण वित्तीय परिसंपत्तियों के अंतर्गत 'नकदी और नकदी समकक्ष' कम हैं और 'अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियां' उसी सीमा तक अधिक हैं।''

शेयरधारकों को दी गई अपनी रिपोर्ट में सांविधिक लेखा परीक्षकों की टिप्पणियाँ और उस पर प्रबंधन का प्रत्युत्तर **अनुलग्नक–ग** के रूप में संलग्न है।

(ii) सीएजी द्वारा अनुपूरक लेखापरीक्षा

वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2024 के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (क) के तहत सीएंडएजी द्वारा अनुपूरक लेखापरीक्षा की गई। वित्तीय विवरणों पर सीएंडएजी की कोई महत्वपूर्ण टिप्पणियां **(अनुलग्नक–घ)** नहीं हैं।

(iii) सचिवीय लेखापरीक्षा

वर्ष के दौरान, कंपनी के बोर्ड ने मेसर्स पीजी एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव, 106, महागुन मॉर्फियस, ई–4, सेक्टर–50, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश को कंपनी के सचिवीय लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया था, ताकि वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के तहत सचिवीय लेखापरीक्षा की जा सके। सचिवीय लेखापरीक्षक द्वारा दी गई रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ **(अनुलग्नक–ङ)** के रूप में संलग्न है। शेयरधारकों के लिए लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में कोई आपत्ति नहीं है।

(iv) लागत लेखापरीक्षा

अधिनियम की धारा 148 के अनुसार, कंपनी को लागत लेखाकार से अपने लागत अभिलेखों का लेखा परीक्षा कराने की आवश्यकता नहीं है।

XXI. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अनुकूलन, अनुसंधान एवं विकास तथा निर्यात एवं विदेशी मुद्रा अर्जन और व्यय

कंपनी ने विशाखापत्तनम, मैंगलोर और पादुर कैवर्न्स को चालू किया है। विद्युत की बचत और लागत में कमी के एक हिस्से के रूप में, इन–हाउस ओएंडएम इलेक्ट्रिकल टीम (जून, 2023–अगस्त, 2023) के माध्यम से सभी भवन सुविधाओं में संयंत्र की मौजूदा सीएफएल/पारंपरिक लाइटिंग को नई एलईडी लाइटिंग सिस्टम से बदलने की पहल की गई।

कंपनी को वर्ष के दौरान ₹303.71 लाख की विदेशी मुद्रा प्राप्ति हुई। साथ ही, समीक्षाधीन अवधि के दौरान इसकी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए विदेशी मुद्रा उपयोग शून्य रहा।

XXII. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण लागू किया है।

XXIII. कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के लिए कंपनी की शून्य–सहिष्णुता की नीति है। कंपनी ने 'महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013' के प्रावधानों का अनुपालन किया है। कंपनी ने इस अधिनियम के तहत आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, उक्त अधिनियम के तहत कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

XXIV. बोर्ड का मूल्यांकन

बोर्ड, इसकी समितियों और व्यक्तिगत निदेशकों के कार्य–निष्पादन का औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन आईएसपीआरएल के बोर्ड द्वारा अनुमोदित बोर्ड कार्य–निष्पादन मूल्यांकन नीति के अनुसार किया गया है।

XXV. लेखापरीक्षकों द्वारा धोखाधड़ी के संबंध में रिपोर्ट

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (12) के अंतर्गत लेखापरीक्षकों द्वारा धोखाधड़ी का कोई मामला रिपोर्ट नहीं किया गया है।

XXVI. ऋण, गारंटी या निवेशों का विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185/186 के प्रावधानों के तहत वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान कोई ऋण/गारंटी नहीं दी गई है या प्रतिभूतियां प्रदान नहीं की गई हैं।

XXVII. संबंधित पक्षकार लेन–देन

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत संबंधित पक्षकार लेनदेन, आईएसपीआरएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक को प्रबंधकीय पारिश्रमिक का भुगतान था। संबंधित पक्षकार के साथ लेन–देन व्यवसाय के सामान्य क्रम में हैं और आर्म्स लेंथ आधार पर हैं।

XXVIII. सचिवीय मानकों के प्रावधानों का अनुपालन

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी लागू सचिवीय मानकों का कंपनी द्वारा विधिवत अनुपालन किया गया है।

XXIX. निदेशकों की जिम्मेदारी संबंधी विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 की उपधारा (3) के खंड (ग) के तहत यथा–अपेक्षित, कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा यह उल्लेख और पुष्टि की जाती है :

(क) कि वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखाओं को तैयार करने में, लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है, साथ ही महत्वपूर्ण विचलन से संबंधित उचित स्पष्टीकरण भी दिए गए हैं;

(ख) कि निदेशकों ने लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उन्हें सतत रूप से लागू किया है और ऐसे निर्णय एवं अनुमान लगाए हैं, जो उचित और विवेकपूर्ण हैं, ताकि 31 मार्च, 2024 को कंपनी के कार्यों की स्थिति और उस वर्ष के लिए कंपनी के लाभ और हानि का सही और निष्पक्ष दृश्य प्रस्तुत किया जा सके;

(ग) कि निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन अभिलेखों के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल की है;

(घ) निदेशकों ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए "चालू संस्था" के आधार पर लेखा तैयार किए हैं।

(ङ) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियाँ तैयार की हैं और ऐसी प्रणालियाँ पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से कार्य कर रही हैं।

XXX. निदेशक मंडल

31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार आपके निदेशक मंडल में पांच अंशकालिक गैर–कार्यकारी निदेशक और एक पूर्णकालिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक शामिल हैं, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

1.	श्री पंकज जैन (डीआईएन – 00675922)	सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय – अध्यक्ष (20.01.2022 से);
2.	श्री प्रवीण एम खनूजा (डीआईएन – 09746472)	अपर सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय – निदेशक (17.02.2023 से नियुक्ति);
3.	सुश्री कामिनी चौहान रतन (डीआईएन – 09831741)	अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय – निदेशक (21.12.2022 से नियुक्ति);
4.	सुश्री ईशा श्रीवास्तव (डीआईएन – 08504560)	संयुक्त सचिव (आईसी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय – निदेशक (22.12.2021 से);
5.	सुश्री वर्षा सिन्हा (डीआईएन – 09825811)	सचिव, ओआईडीबी – निदेशक (नियुक्ति 15.12.2022 से);
6.	श्री एल. आर. जैन (डीआईएन – 08505199)	मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक (नियुक्ति 31.10.2022 से)।

अभिस्वीकृति

आपका निदेशक मंडल भारत सरकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा तेल उद्योग विकास बोर्ड से प्राप्त बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता है।

बोर्ड के लिए और उनकी ओर से

हस्ता./–
(एल. आर. जैन)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएन#08505199)

हस्ता./–
(ईशा श्रीवास्तव)
निदेशक
(डीआईएन#08504560)

दिनांक : 24.09.2024
स्थान : नई दिल्ली

अनुलग्नक–क

बोर्ड समितियों और बोर्ड की बैठकों का विवरण तथा उन बैठकों की संख्या, जिनमें निदेशकों ने भाग लिया:

लेखापरीक्षा समिति

लेखापरीक्षा समिति ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में दिनांक 23.06.2023, 25.09.2023, 14.12.2023 और 21.03.2024 को चार बैठकें आयोजित कीं।

वित्तीय वर्ष 2023–2024 के लिए लेखापरीक्षा समिति की बैठक में निदेशक की उपस्थिति इस प्रकार है :

क्रम सं.	सदस्य	पदनाम	उन बैठकों की संख्या, जिनमें वित्तीय वर्ष 2023–24 में भाग लिया
1	श्री प्रवीण एम. खनूजा	अध्यक्ष	4
2	सुश्री कामिनी चौहान रतन	सदस्य	3
3	सुश्री ईशा श्रीवास्तव	सदस्य	4
4	सुश्री वर्षा सिन्हा	सदस्य	3
5	श्री एल. आर. जैन	सदस्य	4

निदेशक मंडल :

वित्तीय वर्ष 2023–24 में कंपनी के निदेशक मंडल की निम्नलिखित पांच बैठकें आयोजित की गईं :

1. 21 अप्रैल, 2023
2. 08 मई, 2023
3. 30 जून, 2023
4. 26 सितंबर, 2023
5. 14 दिसंबर, 2023

वित्त वर्ष 2023–24 में बोर्ड की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है :

क्रम सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	उन बैठकों की संख्या, जिनमें वित्तीय वर्ष 2023–24 में भाग लिया
1.	श्री पंकज जैन (20.01.2022 से)	अध्यक्ष	5
2.	श्री प्रवीण एम. खनूजा (17.02.2023 से)	निदेशक	5
3.	सुश्री कामिनी चौहान रतन (21.12.2022 से)	निदेशक	2
4.	सुश्री ईशा श्रीवास्तव (22.12.2021 से)	निदेशक	3
5.	सुश्री वर्षा सिन्हा (15.12.2022 से)	निदेशक	5
6.	श्री एल. आर. जैन (31.10.2022 से)	मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक	5

अनुलग्नक–ख

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में,

सदस्यगण

इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड

वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

योग्य राय

हमने इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (''कंपनी'') के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष का तुलन पत्र, उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि का विवरण, नकदी प्रवाह का विवरण और इक्विटी में परिवर्तन का विवरण, महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों तथा अन्य स्पष्टीकरण युक्त जानकारी का सारांश शामिल है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हमारी रिपोर्ट के योग्य राय के लिए आधार में वर्णित मामलों के प्रभाव के सिवाय, उपरोक्त वित्तीय विवरण यथापेक्षित कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) द्वारा यथा–अपेक्षित जानकारी देते हैं और कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015, यथासंशोधित, (''इंड एएस'') और भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानकों (''दि इंड एएस'') के अनुरूप 31 मार्च, 2024 तक कंपनी के मामलों की स्थिति और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ, नकदी प्रवाह और उसकी इक्विटी में परिवर्तन का विवरण का एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं।

योग्य राय का आधार

चरण–II के लिए प्राप्त अनुदान में से, वर्ष के दौरान सक्षम प्राधिकारी/पेट्रोलियम एवं गैस मंत्रालय के अनुमोदन के बिना मैंगलोर एसईजेड लिमिटेड को भूमि अधिग्रहण के लिए लीज प्रीमियम के लिए चरण–I के विस्तार के लिए ₹2069.39 लाख का भुगतान और उपयोग किया गया। जिसके कारण वित्तीय परिसंपत्तियों के अंतर्गत 'नकदी और नकदी समकक्ष' कम हैं और 'अन्य गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां' उसी सीमा तक अधिक हैं।

हमने अधिनियम की धारा 143(10) के तहत निर्दिष्ट लेखा परीक्षण मानकों (एसए) के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा की। **इन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियां हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियां अनुभाग में वर्णित की गई हैं।** हम भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (''दि आईसीएआई'') द्वारा जारी आचार संहिता के साथ नैतिक अपेक्षाओं, जो अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के तहत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संगत है, के अनुसरण में कंपनी से स्वतंत्र हैं, और हमने इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा मानना है कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे हमारी योग्य राय का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

वित्तीय विवरणों और उस पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

अन्य जानकारी के लिए कंपनी का निदेशक मंडल जिम्मेदार होता है। अन्य जानकारी में बोर्ड की वार्षिक रिपोर्ट में दी गई जानकारी शामिल है, किंतु इसमें वित्तीय विवरण और उन पर हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है।

हमारी राय में वित्तीय विवरणों पर अन्य जानकारी शामिल नहीं है और हम उस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।

वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य सूचनाओं को पढ़ने की है और ऐसा करने में, हम इस बात का ध्यान रखें कि क्या अन्य जानकारी वित्तीय विवरणों के साथ असंगत है या हमारे अंकेक्षण के क्रम में या अन्यथा प्राप्त जानकारी को भौतिक रूप से गलत बताई गई प्रतीत होती है।

यदि हम अपने द्वारा किए गए इस कार्य के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि इस अन्य जानकारी में कोई महत्वपूर्ण मिथ्याबयानी है, तो हमें ऐसे तथ्य की रिपोर्ट करना अपेक्षित होता है। इस संबंध में हमारे पास रिपोर्ट किए जाने योग्य कोई तथ्य नहीं है।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन तथा अभिशासन का प्रभार संभालने वाले व्यक्तियों की जिम्मेदारी

कंपनी का निदेशक मंडल, इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में अधिनियम की धारा 134(5) में निर्दिष्ट मामलों के लिए जिम्मेदार है, जो अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट लेखांकन मानकों सहित इंड एएस और भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार अन्य व्यापक आय, कंपनी की इक्विटी में परिवर्तन और नकदी प्रवाह सहित कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं। इस जिम्मेदारी में कंपनी की परिसम्पत्तियों की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसरण में पर्याप्त लेखांकन अभिलेख का रखरखाव, उपयुक्त लेखा नीतियों का चयन और अनुप्रयोग और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव, जो लेखांकन अभिलेख की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, शामिल हैं, जो वित्तीय विवरण की तैयारी और प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं और महत्वपूर्ण मिथ्याबयानी, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या त्रुटि के कारण, से मुक्त हैं।

वित्तीय विवरण तैयार करने में, निदेशक मंडल कंपनी को एक सुनाम प्रतिष्ठान के रूप में बने रहने के लिए कंपनी की योग्यता और क्षमता का आकलन करने, यथा लागू प्रकटीकरण, सुनाम प्रतिष्ठान से संबंधित मामलों और लेखांकन के लिए आधार का उपयोग करने के लिए तब तक जिम्मेदार है जब तक कि प्रबंधन का इरादा या तो कंपनी को परिसमाप्त करने या ऑपरेशन को रोकने का नहीं है या ऐसा करने के अलावा उसके पास कोई वास्तविक विकल्प उपलब्ध नहीं है।

यह निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए भी जिम्मेदार होता है।

वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियां

हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या वित्तीय विवरण समग्र रूप से वास्तविक गलत विवरण से मुक्त हैं, चाहे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण, और एक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना जिसमें हमारी राय शामिल है। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन होता है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुसार आयोजित लेखापरीक्षा उस महत्वपूर्ण गलत विवरण का हमेशा पता लगाएगा, जो मौजूद हो। गलत विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और यदि, व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर, इन वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की उचित रूप से अपेक्षा की जा सकती है तो उन्हें महत्वपूर्ण माना जाता है।

लेखापरीक्षा संबंधी मानकों (एसए) के अनुसार लेखापरीक्षा के भाग के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और सम्पूर्ण लेखापरीक्षा के दौरान व्यावसायिक संदेहवाद बनाए रखते हैं। इसके अतिरिक्त, हम निम्नलिखित कार्य भी करते हैं :

- वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण मिथ्यबयानी के जोखिमों की पहचान करना और उनका आकलन करना, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, उन जोखिमों के लिए लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करना और उन्हें निष्पादित करना, और ऐसे लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करना जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हो। धोखाधड़ी के परिण ामस्वरूप वास्तविक मिथ्यबयानी के पता नहीं लगाने का जोखिम त्रुटि के परिणामस्वरूप होने वाले जोखिम से अधिक होता है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, टकराव, जालसाजी, जानबूझकर की गई चूक, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण का उल्लंघन शामिल हो सकता है।

- परिस्थितियों में उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करना। अधिनियम की धारा 143(3) के तहत, हम इस पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और क्या ऐसे नियंत्रणों की प्रचालनात्मक प्रभावशीलता है।

- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता तथा प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटन की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।
- प्रबंधन द्वारा लेखांकन के जारी प्रतिष्ठान के आधार के उपयोग की उपयुक्तता पर और प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर निष्कर्ष निकालना कि क्या ऐसी घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई वास्तविक अनिश्चितता है जो कंपनी की एक जारी प्रतिष्ठान के रूप में रहने की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह पैदा कर सकती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई वास्तविक अनिश्चितता है, तो हमें अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटन पर ध्यान आकर्षित करना होता है, अथवा यदि ऐसे प्रकटन अपर्याप्त हैं, तो अपनी राय को संशोधित करना होता है। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित होते हैं। हालांकि, भविष्य में होने वाली घटनाओं या स्थितियों के कारण कंपनी एक जारी प्रतिष्ठान के रूप में काम करना बंद कर सकती है।
- प्रकटन सहित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और विषय वास्तु का मूल्यांकन करना, और क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं का इस प्रकार से प्रतिनिधित्व करते हैं जिससे निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त होती है।

हम अन्य मामलों के अलावा, हमारे द्वारा लेखापरीक्षा के दौरान पहचानी गई आंतरिक नियंत्रण में कोई भी महत्वपूर्ण कमियों सहित लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे और समय तथा महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों के बारे में प्रशासन के प्रभारी लोगों के साथ संवाद करते हैं।

हम अभिशासन के प्रभारियों को एक विवरण भी प्रदान करते हैं कि हमने अपनी स्वायत्तता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, तथा ऐसे सभी सम्बन्ध और मामले जो हमारी स्वायत्तता पर प्रभाव डाल सकते हैं, और जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपायों के बारे में भी उनसे संवाद करते हैं।

अन्य विधिक तथा विनियागक अपेक्षाओं सम्बन्धी रिपोर्ट

1. अधिनियम की धारा 143 की उपधारा (11) के संदर्भ में भारत सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ("आदेश") की आवश्यकता के अनुसार, हम **अनुलग्नक–क** में आदेश के पैराग्राफ 3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर, जहां तक लागू हो, एक विवरण देते हैं।

2. जैसा कि अधिनियम की धारा 143(3) द्वारा अपेक्षित है, हम रिपोर्ट करते हैं कि :

   (क) हमने सभी ऐसी जानकारी और स्पष्टीकरण मांगे और प्राप्त किए हैं, जो हमारी उचित जानकारी और विश्वास के लिए हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिए आवश्यक थे।

   (ख) जहाँ तक लेखा–बहियों की हमारी जांच से पता चलता है, हमारी राय में, कंपनी द्वारा कानून अनुसार यथा अपेक्षित उपयुक्त लेखा बहियां रखी गई हैं।

   (ग) इस रिपोर्ट में जिस तुलन पत्र, लाभ और हानि का विवरण, नकदी प्रवाह विवरण और इक्विटी में परिवर्तन के विवरण के सम्बन्ध में ब्यौरे दिए गए हैं, वे लेखा बहियों के अनुरूप हैं।

   (घ) **हमारी रिपोर्ट के योग्य राय के लिए आधार में वर्णित गामलों के प्रभाव के सिवाय,** हमारी राय में, उपरोक्त वित्तीय विवरण कंपनी (लेखा) नियामवली, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट इंड एएस के अनुरूप हैं।

   (ङ) निदेशक मंडल द्वारा रिकार्ड पर लिए गए 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यावेदन के आधार पर, अधिनियम की धारा 164(2) के अनुसार 31 मार्च, 2024 तक किसी भी निदेशक को निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने से अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

   (च) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की प्रचालन प्रभावशीलता के संबंध में **''अनुलग्नक ख''** में हमारी पृथक रिपोर्ट देखें।

(छ) कंपनी द्वारा प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण के आधार पर, हम उल्लेख करते हैं कि लेखापरीक्षा वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा अपने निदेशकों को संदत्त पारिश्रमिक अधिनियम की धारा 197(16) के प्रावधानों के अनुसार है।

(ज) कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखा परीक्षक) नियामवली, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार हम यह सूचित करते हैं कि :

i. कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का प्रकटीकरण किया है (वित्तीय विवरणों के लिए टिप्पणी संख्या 31.2(क) देखें)।

ii. कंपनी की व्युत्पन्न संविदाओं सहित कोई दीर्घकालिक संविदा नहीं है, जिसके लिए कोई महत्वपूर्ण पूर्वानुमानित हानियां थी – वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी संख्या 40(xxxix) देखें।

iii. कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष में अंतरित करने के लिए कोई राशि अपेक्षित नहीं थी – वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी संख्या 40(xl) देखें।

iv. (क) कंपनी के प्रबंधन ने सूचित किया है कि उनके सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, जैसा कि – वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी संख्या 40(xxx)(क) में प्रकटीकरण किया गया है, कंपनी द्वारा इस समझ, चाहे लिखित में या अन्यथा लेखबद्ध, के साथ किसी अन्य व्यक्ति (व्यक्तियों) या विदेशी संस्थाओं ("मध्यस्थ") सहित संस्था (संस्थाओं) को या में कोई भी निधि (जो व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से महत्वपूर्ण है) को अग्रिम या उधार या निवेश है (या तो उधार ली गई धनराशि या शेयर प्रीमियम या किसी अन्य स्रोत या प्रकार की निधि से) नहीं किया गया है कि मध्यस्थ, किसी भी रीति से कंपनी ("अंतिम लाभार्थी") द्वारा या इसकी ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को उधार देगा या निवेश करेगा या अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, प्रतिभूति या इसी तरह की कोई गारंटी प्रदान करेगा;

(ख) प्रबंधन ने सूचित किया है कि, उनके सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, जैसा कि – वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी संख्या 40(xxx)(ख) में प्रकटीकरण किया गया है, कंपनी द्वारा इस समझ, चाहे लिखित में या अन्यथा लेखबद्ध, के साथ किसी अन्य व्यक्ति (व्यक्तियों) या विदेशी संस्थाओं ("मध्यस्थ") सहित संस्था (संस्थाओं) को या कोई भी निधि (जो व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से महत्वपूर्ण है) को अग्रिम या उधार या निवेश है (या तो उधार ली गई धनराशि या शेयर प्रीमियम या किसी अन्य स्रोत या प्रकार की निधि से) नहीं लिया गया है कि मध्यस्थ, किसी भी रीति से वित्तपोषण करने वाले पक्षकार ("अंतिम लाभार्थी") द्वारा या इसकी ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को उधार देगा या निवेश करेगा या अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, प्रतिभूति या इसी तरह की कोई गारंटी प्रदान करेगा;

(ग) निष्पादित लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं जिन्हें परिस्थितियों में उचित और उपयुक्त माना गया है, के आधार पर हमारे संज्ञान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है जिससे हमें विश्वास हो कि नियम 11 (ङ) के उप–खंड (i) और (ii) के तहत प्रस्तुतीकरण, जैसा कि ऊपर (क) और (ख) के तहत प्रदान किया गया है, इसमें कोई भी महत्वपूर्ण मिथ्यबयानी है।

v. हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई लाभांश घोषित या भुगतान नहीं किया है, तदनुसार नियम 11 (एफ) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

vi. हमारी जांच के आधार पर, जिसमें परीक्षण जांच शामिल थी, कंपनी ने अपनी लेखा बहियों [भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा अधिनियम की धारा 143(5) के तहत जारी निर्देशों के प्रत्युत्तर में नीचे पैरा 3(i) में उल्लिखित मदों को छोड़कर] को बनाए रखने के लिए लेखांकन सॉफ़्टवेयर का उपयोग किया है, जिसमें ऑडिट ट्रेल (संपादन लॉग) सुविधा रिकॉर्ड करने की सुविधा है और यह सॉफ़्टवेयर में दर्ज सभी लेनदेन के लिए पूरे वर्ष क्रियाशील रहा है। इसके अतिरिक्त, हमारी लेखापरीक्षा के दौरान हमें ऑडिट ट्रेल सुविधा के साथ छेड़छाड़ का कोई मामला नहीं मिला।

3. अधिनियम की धारा 143(5) की अपेक्षानुसार तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि :

क्र. सं.	निर्देश	लेखापरीक्षक का उत्तर
(i)	क्या कंपनी के पास आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेन–देन को संसाधित करने के लिए सिस्टम है? यदि हां, तो वित्तीय निहितार्थ, यदि कोई हो, के साथ–साथ लेखाओं की अखंडता पर आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेन–देन की प्रोसेसिंग के निहितार्थ बताए।	कंपनी के पास आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए एक प्रणाली है, जिसमें कच्चे तेल की बिक्री के लिए बिलिंग, पंपिंग शुल्क, एडनोक और एमआरपीएल से प्रचालन आय, एचपीसीएल के साथ ओ एंड एम व्यय का बंटवारा, कैवर्न्स के पट्टे/किराये से आय और संबंधित आय, रॉक बिक्री, संपत्ति संयंत्र और उपकरण अभिलेख, छुट्टी अभिलेख, पेरोल, अनुदान रिकॉर्ड शामिल हैं, जिनके लिए लेखाओं की अखंडता पर आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेनदेन की प्रोसेसिंग का कोई निहितार्थ नहीं है और कोई वित्तीय निहितार्थ नहीं देखा गया है।
(ii)	क्या कंपनी के ऋण की अदायगी में असमर्थता के कारण किसी ऋणदाता द्वारा कंपनी के लिए किसी मौजूदा ऋण का पुनर्गठन या उधार/ऋण/ब्याज आदि की छूट दी गई/बट्टे खाते में डाला गया है? यदि हां, तो वित्तीय प्रभाव को बताया जाए। क्या ऐसे मामलों का उचित लेखांकन किया जाता है? (यदि ऋणदाता एक सरकारी कंपनी है, तो यह निर्देश ऋणदाता कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक के लिए भी लागू होगा)।	कंपनी की ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण किसी ऋणदाता द्वारा कंपनी को दिए गए किसी मौजूदा ऋण के पुनर्गठन या ऋण/उधार/ब्याज आदि को माफ करने/बट्टे खाते में डालने का कोई मामला नहीं है।
(iii)	क्या केंद्रीय/राज्य सरकारों या इनकी एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्य निधियों (अनुदान/सब्सिडी आदि) को योजना की शर्तों के अनुसार उचित रूप से लेखांकित/उपयोग किया गया था? विचलन के मामलों की सूची प्रदान करें।	चरण–II के लिए प्राप्त अनुदान में से ₹2069.39 लाख की राशि को सक्षम प्राधिकारी/पेट्रोलियम एवं गैस मंत्रालय के अनुमोदन के बिना मैंगलोर एसईजेड लिमिटेड को भूमि अधिग्रहण के लिए लीज प्रीमियम के रूप में चरण–I के विस्तार के लिए उपयोग करने के सिवाय केंद्र/राज्य सरकार से इसकी एजेंसियों की विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्य निधियों (अनुदान/सब्सिडी आदि) का उनकी शर्तों के अनुसार उचित रूप से लेखांकित/उपयोग किया गया है।

कृते प्रसाद आजाद एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण सं. : 001009एन

हस्ता/–
(के. एम. आजाद)
साझेदार
सदस्यता संख्या : 005125
यूडीआईएन: : 24005125BKMEVN7716

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 16 जुलाई, 2024

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का "अनुलग्नक – क"

[31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों पर **इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड** के सदस्यों को हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के 'अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट' के तहत पैराग्राफ 1 में संदर्भित अनुलग्नक–क]

हमने जो जांच उचित समझी, उसके आधार पर तथा लेखापरीक्षा के दौरान हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि:

i) (क) (क) कंपनी ने संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के मात्रात्मक विवरण और स्थिति सहित पूर्ण विवरण दर्शाते हुए उचित रिकॉर्ड बनाए रखा है।

(ख) कंपनी ने अमूर्त परिसंपत्तियों (पाइपलाइनों के लिए आरओयू) का पूर्ण विवरण दर्शाते हुए उचित रिकॉर्ड बनाए रखा है।

(ख) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, प्रबंधन द्वारा संपत्ति, संयंत्र और उपकरण का मैंगलोर इकाई, पादुर इकाई और मुख्यालय में बाहरी एजेंसी के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से और विशाखापत्तनम इकाई में आंतरिक रूप से भौतिक सत्यापन किया गया है, जो हमारी राय में कंपनी के आकार और इसकी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की प्रकृति को देखते हुए उचित है। हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, ऐसे सत्यापन में कोई भौतिक विसंगतियां नहीं पाई गई।

(ग) नीचे दिए गए मामले के वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 2 में प्रकट की गई अचल परिसंपत्तियों (उपयोगाधिकार परिसंपत्तियां) के स्वामित्व विलेख कंपनी के नाम पर रखे गए हैं, **[वित्तीय विवरणों के टिप्पणी संख्या 40(xix) देखें]**:

संपत्ति का विवरण	सकल वहन मूल्य (लाख रुपये में)	किसके नाम पर धारित	प्रमोटर, निदेशक या उनके रिश्तेदार या कर्मचारी	धारित किए जाने की अवधि – जहां उपयुक्त हो, सीमा इंगित करें	कंपनी के नाम पर न होने का कारण
उपयोग का अधिकार – मैंगलोर विशेष आर्थिक क्षेत्र में भूमि (104.73 एकड़)	8492.50	मैंगलोर एसईजेड लिमिटेड और कंपनी के बीच 7 मार्च, 2017 को हुआ पट्टा करार कंपनी के नाम पर पंजीकृत नहीं है।	नहीं	भूमि के कब्जे की तिथि से 26 जनवरी, 2060 तक पट्टा। रिकॉर्ड में उपलब्ध 100.02 एकड़ के लिए आवंटन की तारीख 23.11.2009 है और 4.71 एकड़ के लिए 11.04. 2018 है। हालाँकि, कब्ज़ा लेने की तारीख का दस्तावेज़ कंपनी के रिकॉर्ड में नहीं है।	जैसा कि हमें बताया गया है, कंपनी पट्टा विलेख के पंजीकरण के लिए मैंगलोर एसईजेड लिमिटेड से संपर्क कर रही है।

(घ) हमें दी गई सूचना, स्पष्टीकरण और प्रबंधन अभ्यावेदन के अनुसार तथा कंपनी के अभिलेखों की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने वर्ष के दौरान अपनी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (उपयोगाधिकार सहित) का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया है।

(ङ) हमें दी गई सूचना, स्पष्टीकरण और प्रबंधन अभ्यावेदन के अनुसार, वर्ष के दौरान कंपनी के विरुद्ध बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम, 1988 (1988 का 45) और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अंतर्गत कोई भी बेनामी संपत्ति रखने के लिए कोई कार्यवाही शुरू नहीं की गई है या 31 मार्च, 2024 तक कोई कार्यवाही लंबित नहीं है।

ii) (क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, प्रबंधन ने स्वतंत्र सर्वेक्षणकर्ताओं के माध्यम से उचित अंतराल पर भारत सरकार की ओर से मैंगलोर में कैवर्न बी और कैवर्न ए में एडनोक तथा भारत सरकार की ओर से विशाखापत्तनम और पादुर में रखे गए कच्चे तेल के भंडार का भौतिक सत्यापन किया है। हमारी राय में, कच्चे तेल की प्रकृति और स्थान को ध्यान में रखते हुए, ऐसे सत्यापन की कवरेज और प्रक्रिया उचित मानी जाती है।

(ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी को चालू परिसंपत्तियों की प्रतिभूति के आधार पर बैंकों या वित्तीय संस्थानों से वर्ष के किसी भी समय कुल मिलाकर पांच करोड़ रुपये से अधिक की कार्यशील पूंजी सीमा संस्वीकृत नहीं की गई है। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

iii) (क) से (च) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने कंपनियों, फर्मों, सीमित देयता भागीदारी या किसी अन्य पक्ष को प्रतिभूत या अप्रतिभूत ऋण की प्रकृति में कोई निवेश नहीं किया है, कोई गारंटी या प्रतिभूति प्रदान नहीं की है या कोई ऋण या अग्रिम नहीं दिया है। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

iv) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने ऐसा कोई ऋण नहीं दिया है, निवेश नहीं किया है या गारंटी या प्रतिभूति प्रदान नहीं की है जिसके लिए अधिनियम की धारा 185 और 186 के प्रावधानों का अनुपालन आवश्यक है। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

v) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई जमा या राशि स्वीकार नहीं की है जिसे जमा माना जाता है, जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देश और धारा 73 से 76 के प्रावधान या अधिनियम के किसी अन्य प्रासंगिक प्रावधान लागू होते हैं।

vi) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, भारत की केंद्रीय सरकार ने अधिनियम की धारा 148 की उप–धारा (1) के तहत लागत रिकॉर्ड के रखरखाव को निर्दिष्ट नहीं किया है। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

vii) (क) कंपनी के जांचे गए अभिलेखों और हमें दी गई जानकारी, स्पष्टीकरण और प्रबंधन अभ्यावेदन के अनुसार, कंपनी आम तौर पर माल और सेवा कर, भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, बिक्री कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य वर्धित कर, उपकर और किसी भी अन्य सांविधिक बकाया सहित अविवादित सांविधिक बकाया राशि को उचित प्राधिकरणों को जमा करने में नियमित रही है। नीचे बताए गए अपवादों को छोड़कर, वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन तक उनके देय होने की तिथि से छह माह से अधिक की अवधि के लिए कोई भी अविवादित बकाया सांविधिक देय नहीं है:

छह माह से अधिक समय से बकाया सांविधिक देय का विवरण

क्रम सं.	सांविधि का नाम	देय का प्रकृति	राशि (₹ लाख में)	वह अवधि, जिससे राशि संबंधित है	देय तारीख	भुगतान की तारीख	अभ्युक्ति, यदि कोई हों
1.	आयकर अधिनियम, 1961	धारा 143(3) के तहत किए गए निर्धारण पर मांग	70.86	वि.व. 2015–16 (नि.व. 2016–17)	कंपनी की अभ्युक्तिः कंपनी ने वित्त वर्ष 2020–2021 के दौरान विवाद से विश्वास योजना के तहत मांग का भुगतान पहले ही कर दिया है, हालांकि कर विभाग द्वारा समायोजन लंबित है क्योंकि यह राशि आयकर पोर्टल पर बकाया के रूप में दिखाई दे रही है।		
2.	आयकर अधिनियम, 1961	धारा 143(3) के तहत किए गए निर्धारण पर मांग	31.78	वि.व. 2016–17 (वि.व. 2017–18)	कंपनी की अभ्युक्तिः कंपनी ने वित्त वर्ष 2020–2021 के दौरान विवाद से विश्वास योजना के तहत मांग का भुगतान पहले ही कर दिया है, हालांकि कर विभाग द्वारा समायोजन लंबित है क्योंकि यह राशि आयकर पोर्टल पर बकाया के रूप में दिखाई दे रही है।		

(ख) हमें दी गई सूचना, स्पष्टीकरण और प्रबंधन अभ्यावेदन के अनुसार, निम्नलिखित के सिवाय माल और सेवा कर, भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, बिक्री कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य वर्धित कर, उपकर और अन्य कोई भी सांविधिक बकाया नहीं है, **जो किसी विवाद के कारण जमा नहीं किया गया होः**

विवादित देय का विवरण

क्रम सं.	सांविधि का नाम	देय का प्रकृति	राशि (₹ लाख में)	वह अवधि, जिससे राशि संबंधित है	वह मंच, जहां मामला लंबित है	अभ्युक्ति, यदि कोई हों
1.	आंध्र प्रदेश लघु खनिज रियायत नियम 1996	रॉयल्टी	11,795.03	31.03.2018 तक	खदान एवं भूविज्ञान निदेशालय, आंध्र प्रदेश	—
2.	आयकर अधिनियम, 1961	धारा 154 के तहत किए गए निर्धारण पर मांग	0.34	वि.व. 2017–18 (नि.व. 2018–19)	आयकर आयुक्त (अपील) के पास अपील के अधीन	—
3.	आयकर अधिनियम, 1961	धारा 143(3) के तहत किए गए निर्धारण पर मांग	257.81	वि.व. 2021–22 (नि.व. 2022–23)	आयकर आयुक्त (अपील) के पास अपील के अधीन	—

4.	माल और सेवा कर अधिनियम, 2017	फॉर्म डीआरसी–01 में जीएसटी की मांग	13.90	वि.व. 2017–18 से वि.व. 2018–19	जीएसटी प्राधिकरण	—
5.	माल और सेवा कर अधिनियम, 2017	फॉर्म डीआरसी–01 में जीएसटी की मांग	105.25	वि.व. 2019–20 से वि.व. 2022–23	जीएसटी प्राधिकरण	—
6.	कर्नाटक राज्य में प्रवेश कर	कर्नाटक राज्य में प्रवेश कर	74.64	वि.व. 2010–11 और 2011–12	माननीय कर्नाटक उच्च न्यायालय	—

viii) हमें दी गई सूचना, स्पष्टीकरण और प्रबंधन अभ्यावेदन के अनुसार, ऐसा कोई लेन–देन नहीं था, जो लेखा–बही में दर्ज न हो और जिसे आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कर निर्धारण में वर्ष के दौरान आय के रूप में अभ्यर्पित या प्रकट किया गया हो।

ix) (क) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई ऋण या अन्य उधार नहीं लिया है, इस प्रकार कंपनी ने किसी भी ऋणदाता को ऋण या अन्य उधार की चुकौती या उस पर ब्याज के भुगतान में चूक नहीं की है। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(ख) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार और हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर, कंपनी को किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान या किसी अन्य ऋणदाता द्वारा इरादतन चूककर्ता घोषित नहीं किया गया है।

(ग) कंपनी के जांचे गए अभिलेखों और हमें दी गई सूचना, स्पष्टीकरण और प्रबंधन अभ्यावेदन के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई सावधि ऋण नहीं लिया है। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(घ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण तथा हमारे द्वारा निष्पादित प्रक्रियाओं और कंपनी के वित्तीय विवरणों की समग्र जांच के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान अल्पावधि आधार पर कोई निधियां नहीं जुटाई गई हैं। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(ङ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी की कोई सहायक कंपनी, सहयोगी या संयुक्त उद्यम नहीं है। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(च) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई ऋण नहीं जुटाया है। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

x) (क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण तथा जांचे गए अभिलेखों के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान आरंभिक सार्वजनिक पेशकश या अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश (ऋण लिखतों सहित) के माध्यम से निधियां नहीं जुटाई है। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण तथा जांचे गए अभिलेखों के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान शेयरों या संपरिवर्तनीय डिबेंचर (पूर्ण, आंशिक रूप से या वैकल्पिक रूप से संपरिवर्तनीय) का कोई अधिमान्य आवंटन या निजी प्लेसमेंट नहीं किया है। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते।

xi) (क) भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखापरीक्षा पद्धतियों के अनुसार कंपनी की बहियों और अभिलेखों की हमारी लेखापरीक्षा, जांच के दौरान तथा हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार और हमें दी गई सूचना, स्पष्टीकरण और प्रबंधन अभ्यावेदन के अनुसार, वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा कोई धोखाधड़ी या कंपनी पर कोई धोखाधड़ी नहीं देखी गई या रिपोर्ट नहीं की गई।

(ख) हमारे द्वारा अधिनियम की धारा 143 की उपधारा (12) के अंतर्गत प्रपत्र एडीटी–4 में कोई रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार के समक्ष दाखिल नहीं की गई है।

(ग) हमें दी गई सूचना, स्पष्टीकरण और प्रबंधन अभ्यावेदन के अनुसार, वर्ष के दौरान कंपनी को कोई व्हिसल ब्लोअर शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

xii) (क), (ख) और (ग) – हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी निधि कंपनी नहीं है। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते।

xiii) हमें दी गई जानकारी, स्पष्टीकरण और प्रबंधन अभ्यावेदन के अनुसार, संबंधित पक्षकारों के साथ लेन–देन अधिनियम की धारा 177 और 188, जहाँ लागू हो, के अनुपालन में हैं। संबंधित पक्षकरों के साथ सभी लेन–देन का विवरण वित्तीय विवरणों में लागू भारतीय लेखांकन मानकों द्वारा अपेक्षित रूप से प्रकट किया गया है [वित्तीय विवरणों के लिए टिप्पमी संख्या 32 देखें]।

xiv) (क) कंपनी के जांचे गए अभिलेखों और हमें दी गई सूचना, स्पष्टीकरण और प्रबंधन अभ्यावेदन के अनुसार, कंपनी के पास एक आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली है, **हालांकि, कंपनी के व्यवसाय के आकार और प्रकृति के अनुरूप इसे बनाने के लिए इसके दायरे को बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, हमने आंतरिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट में रिपोर्ट की गई नीचे दी गई गैर–अनुपालन/विसंगतियों का संज्ञान लिया है :**

(क) आईएसपीआरएल और एचपीसीएल के बीच पट्टा करार में किराये के भुगतान में देरी के लिए कोई शास्ति खंड नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप नकदी प्रवाह पर प्रभाव पड़ता है और संभावित उपायों की हानि होती है;

(ख) प्रत्येक मांग के लिए कर्मचारी का वेतन पिछले माह की उनकी उपस्थिति के आधार पर संसाधित किया जाता है;

(ग) कोई मानव संसाधन नीति तैयार नहीं की गई है जिसमें (क) भर्ती नीति, (ख) उपस्थिति नीति, (ग) मूल्यांकन नीति, (घ) अलगाव/निकास नीति, (ङ) हितों के टकराव शपथपत्र; शामिल हों;

(घ) (क) धोखाधड़ी विरोधी नीति, (ख) व्हिसल ब्लोअर नीति, (ग) आचार संहिता के संबंध में कोई इकाई स्तर नियंत्रण नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप शीर्ष पर असंतोषजनक अनुकूलन, नियंत्रणों के प्रबंधन का अतिव्यापन, कर्तव्यों का अनुचित पृथक्करण और निवारक की तुलना में जासूसी नियंत्रणों पर अत्यधिक निर्भरता है;

(ङ) कंपनी के डाटा को संग्रहीत करने, स्थानांतरित करने या एक्सेस करने के लिए पेन ड्राइव के उपयोग के कारण प्रधान कार्यालय में सूचना और सुरक्षा नीति का अनुपालन न करने से डाटा हानि, चोरी और मैलवेयर संक्रमण का खतरा होता है;

(च) टैली सॉफ्टवेयर में किसी भी अवधि में किसी भी लेखांकन प्रविष्टियों को संशोधित करने, जोड़ने और हटाने के लिए टैली उपयोगकर्ता को प्रतिबंधित करने के लिए कोई तंत्र नहीं है;

(छ) टैली में कोई लॉक इन अवधि नहीं है जो कर्मचारियों को पिछली तारीख पर प्रविष्टियों को संशोधित करने और हटाने की अनुमति देती है।

(ख) हमने कंपनी की आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्टों पर विचार किया है जो आज तक जारी की गई हैं और लेखापरीक्षा के तहत वर्ष के लिए हमें उपलब्ध कराई गई हैं।

xv) कंपनी के जांचे गए अभिलेखों तथा हमें दी गई सूचना, स्पष्टीकरण और प्रबंधन अभ्यावेदन के अनुसार, वर्ष के दौरान कंपनी ने अपने निदेशकों या अपने निदेशकों से जुड़े व्यक्तियों के साथ कोई गैर–नकद लेनदेन नहीं किया है और इसलिए अधिनियम की धारा 192 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

xvi) (क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी को भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45–झक के तहत पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(ख) हमें दिए गए अभ्यावेदनों के अनुसार, कंपनी ने कोई गैर–बैंकिंग वित्तीय या आवास वित्त गतिविधियां संचालित नहीं की हैं। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(ग) और (घ) कंपनी के जांचे गए रिकॉर्ड और हमें दी गई जानकारी, स्पष्टीकरण और प्रबंधन अभ्यावेदनों के अनुसार, कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बनाए गए नियमों में परिभाषित कोर निवेश कंपनी (सीआईसी) नहीं है और न ही समूह के पास समूह के हिस्से के रूप में कोई सीआईसी है। तदनुसार, आदेश के इन खंडों के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

xvii) कंपनी ने वित्तीय वर्ष और तुरंत पहले के वित्तीय वर्ष के दौरान नकद घाटा नहीं उठाया है।

xviii) वर्ष के दौरान कंपनी के किसी भी सांवधिक लेखा परीक्षक ने त्यागपत्र नहीं दिया है। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

xix) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा वित्तीय अनुपातों, वित्तीय परिसंपत्तियों की प्राप्ति और वित्तीय देयताओं के भुगतान की अपेक्षित तिथियों, वित्तीय विवरणों के साथ दी गई अन्य जानकारी, निदेशक मंडल और प्रबंधन योजनाओं के बारे में हमारे ज्ञान और मान्यताओं का समर्थन करने वाले साक्ष्य की हमारी जांच के आधार पर, हमारे संज्ञान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है, जिससे हमें यह विश्वास हो कि लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तिथि पर कोई भी महत्वपूर्म अनिश्चितता मौजूद है जो यह इंगित करती है कि कंपनी तुलन–पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर, तुलन–पत्र की तारीख पर मौजूद अपनी देयताओं को पूरा करने में सक्षम नहीं है। हालांकि, हम उल्लेख करते हैं कि यह कंपनी की भावी व्यवहार्यता के बारे में कोई आश्वासन नहीं है। हम आगे यह भी उल्लेख करते हैं कि हमारी रिपोर्टिंग लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक के तथ्यों पर आधारित है और हम न तो कोई गारंटी देते हैं और न ही कोई आश्वासन देते हैं कि तुलन–पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर आने वाली सभी देयताओं को कंपनी द्वारा चुका दिया जाएगा।

xx) (क) और (ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, अधिनियम की धारा 135 के प्रावधान वर्ष के दौरान कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए कंपनी पर लागू नहीं हैं। तदनुसार, आदेश के इस खंड के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं हैं।

xxi) आदेश के इस खंड के तहत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं है।

कृते प्रसाद आजाद एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण सं. : 001009एन

हस्ता./–
(के. एम. आजाद)
साझेदार
सदस्यता संख्या : 005125
यूडीआईएन: : 24005125BKMEVN7716

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 16 जुलाई, 2024

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड के वित्तीय ववरणों पर स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की समदिनांकित रिपोर्ट का "अनुलग्नक–ख"

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उप–धारा 3 के खंड (i) के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार, इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड ("कंपनी") के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के साथ उसी तिथि को कंपनी के वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन का दायित्व

कंपनी का प्रबंधन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ("आईसीएआई") द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के बारे में निदेशात्मक टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है जो कंपनी की नीतियों का पालन, इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, अधिनियम के तहत यथाआवश्यक लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता, और विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाने सहित अपने व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे।

लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारी जिम्मेदारी, हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर राय व्यक्त करना है। हमने हमारी लेखापरीक्षा, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की किसी लेखापरीक्षा पर लागू सीमा तक, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा के संबंध में आईसीएआई द्वारा जारी मार्गदर्शी टिप्पणी (द गाइडंस टिप्पणी) और अधिनियम की धारा 143(10) में मानित रूप से निर्दिष्ट लेखांकन मानक, दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर लागू और दोनों इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी, के अनुसरण में की है। इस मानक और मार्गदर्शी टिप्पणी की अपेक्षा है कि हम नीतिगत अपेक्षाओं का पालन करें और लेखा परीक्षा का आयोजन और निष्पादन यह औचित्यपूर्ण आश्वासन प्राप्त करने के लिए करें कि वित्तीय विवरणों के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और बनाए रखा गया है तथा ये नियंत्रण सभी महत्वपूर्ण दशाओं में सभी प्रभावी रूप से लागू प्रचलित है।

हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता, और इनके प्रचालनीय प्रभाव के बारे में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाएं निष्पादित करना शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आतंरिक वित्तीय नियंत्रण की हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर वित्तीय नियंत्रण की समझ, ऐसे जोखिम कि क्या कोई महत्वपूर्ण कमजोरी मौजूद है, का निर्धारण, तथा निर्धारित जोखिम आंतरिक नियंत्रण के डिजाइन और प्रचालन प्रभावकारिता का परीक्षण और मूल्यांकन शामिल है। चयनित प्रक्रियाएँ, वित्तीय विवरणों की समग्र गलत बयानी, चाहे धोखाधड़ी या अशुद्धि के कारण हो, के मूल्यांकन सहित लेखा परीक्षक के अनुमान पर निर्भर करती है।

हमारा विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त किया गया लेखा परीक्षा साक्ष्य, वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखा परीक्षा की योग्य राय को आधार देने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का आशय

वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करने और बाहरी प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार तैयार किया जाता है। कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं जो (1) ऐसे अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित है, जिनसे उस कंपनी की परिसम्पत्तियों के लेनदेन और प्रवृति की सटीक और निष्पक्ष तथ्य यथोचित विवरण के साथ प्रस्तुत करती है; (2) उचित आश्वासन प्रदान करती हैं कि लेनदेन को सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति देने के लिए आवश्यक के रूप में दर्ज किया गया है, और कंपनी की प्राप्तियां और व्यय केवल कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकरण के अनुसार किए जा रहे हैं; और (3) कंपनी की परिसम्पत्तियों; जिनका वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है, के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, या निपटान की रोकथाम या समय पर पता लगाने के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करती हैं।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएं

वित्तीय रिपोर्टिंग पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, जिसमें मिलीभगत या प्रबंधन के अनुचित नियंत्रण की सम्भावना शामिल है, त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण मिथ्याबयानी हो सकती हैं और उनका पता नहीं लगाया जा सकता। साथ ही, आगामी अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अध्यधीन हैं कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त हो सकता है, या नीतियों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन की मात्रा में कमी आ सकती है।

योग्य राय

हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण तथा हमारे लेखापरीक्षा के आधार पर, 31 मार्च, 2024 तक नियंत्रण संबंधी निम्नलिखित खामियों की पहचान की गई है :

(i) कंपनी ने सांविधिक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित समय के भीतर कर चालान जारी नहीं किए हैं;

(ii) परिसंपत्तियों की बिक्री, कर्मचारियों को अग्रिम देने, कर्मचारियों को प्रतिपूर्ति, पुरानी शेष राशि को बट्टे खाते में डालने/प्रतिलेखित करने के लिए कोई नीति नहीं है;

(iii) लेखा वाउचर पर तृतीय पक्ष के पेरोल (संविदाकार) के कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई अनुमोदन नहीं दिया गया है;

(iv) वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए एमसीए/आरओसी फॉर्म डीपीटी–3 अभी तक कंपनी द्वारा दाखिल नहीं किया गया है;

(v) कंपनी के पास वर्ष के दौरान 10 से अधिक कर्मचारी हैं, लेकिन कंपनी ने ईएसआईसी अधिनियम, 1948 के तहत पंजीकरण प्राप्त नहीं किया है और इसके प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया है। इसके अलावा, कंपनी में वर्ष के दौरान 20 से अधिक कर्मचारी (तृतीय पक्ष संविदाकारों के माध्यम से कर्मचारियों सहित) हैं, लेकिन कंपनी ने ईपीएफ और एमपी अधिनियम, 1952 के तहत पंजीकरण प्राप्त नहीं किया है और इसके प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया है।

(vi) कंपनी द्वारा (परामर्शदाता के माध्यम से) किए गए परीक्षण में पिछले कुछ वर्षों में कुछ नियंत्रण खामियों की बार–बार रिपोर्ट की जा रही है, जिन्हें कंपनी द्वारा संबोधित करने की आवश्यकता है।

"महत्वपूर्ण कमजोरी" वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में खामी या खामियों का एक संयोजन है, जिससे यह उचित संभावना होती है कि कंपनी के वार्षिक वित्तीय विवरणों में महत्वपूर्ण मिथ्याबयानी को समय पर रोका या पता नहीं लगाया जा सकेगा।

हमारी राय में, नियंत्रण मानदंडों के उद्देश्यों की प्राप्ति पर ऊपर वर्णित महत्वपूर्ण कमजोरी के संभावित प्रभावों को छोड़कर, कंपनी के पास सभी महत्वपूर्ण मामलों में, इन वित्तीय विवरणों के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और वित्तीय रिपोर्टिंग पर ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शी टिप्पणी में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण मानदंडों के आधार पर 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार प्रभावी रूप से काम कर रहे थे।

हमने कंपनी के 31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में लागू लेखापरीक्षा परीक्षण की प्रकृति, समय और सीमा का निर्धारण करने में ऊपर अभिचिह्नित और बताई गई महत्वपूर्ण कमजोरियों पर विचार किया है और ये महत्वपूर्ण कमजोरियां कंपनी के वित्तीय विवरणों पर हमारी राय को प्रभावित नहीं करती हैं।

कृते प्रसाद आजाद एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण सं. : 001009एन

हस्ता/–
(के. एम. आजाद)
साझेदार
सदस्यता संख्या : 005125
यूडीआईएनः : 24005125BKMEVN7716

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 16 जुलाई, 2024

अनुलग्नक–ग

वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए सांविधिक लेखापरीक्षक की लेखापरीक्षा टिप्पणियों पर प्रबंधन का उत्तर

<table>
<tr><th>लेखापरीक्षक टिप्पणी संख्या</th><th>लेखापरीक्षा की टिप्पणी</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>चरण–II के लिए प्राप्त अनुदान में से, वर्ष के दौरान सक्षम प्राधिकारी/पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुमोदन के बिना मैंगलोर एसईजेड लिमिटेड को भूमि अधिग्रहण के लिए पट्टा प्रीमियम के लिए चरण–I के विस्तार के लिए ₹2069.39 लाख का भुगतान किया गया और उसका उपयोग किया गया। जिसके कारण वित्तीय परिसंपत्तियों के अंतर्गत 'नकदी और नकदी समकक्ष' कम हैं और 'अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियां' उसी सीमा तक अधिक हैं।</td></tr>
<tr><td>प्रबंधन का उत्तर</td><td>पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में योजना (चरण–II के अंतर्गत कैवर्न्स का निर्माण) से नई योजना ''भूमि के लिए आईएसपीआरएल को भुगतान'' के लिए निधियों का पुर्नआबंटन प्रगति पर है।</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>वित्तीय विवरणों के टिप्पणी संख्या 2 में प्रकट की गई अचल परिसंपत्तियों (उपयोगाधिकार परिसंपत्तियां) के स्वागित्व विलेख कंपनी के नाम पर रखे गए हैं, सिवाय नीचे दिए गए मामले के [वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 40(xix) देखें]
<table>
<tr><th>संपत्ति का विवरण</th><th>सकल वहन मूल्य (लाख रुपये में)</th><th>किसके नाम पर धारित</th><th>प्रमोटर, निदेशक या उनके रिश्तेदार या कर्मचारी</th><th>धारित किए जाने की अवधि – जहां उपयुक्त हो, सीमा इंगित करें</th><th>कंपनी के नाम पर न होने का कारण</th></tr>
<tr><td>उपयोग का अधिकार – मैंगलोर विशेष आर्थिक क्षेत्र में भूमि (104.73 एकड़)</td><td>8492.50</td><td>मैंगलोर एसईजेड लिमिटेड और कंपनी के बीच 7 मार्च, 2017 को हुआ पट्टा करार कंपनी के नाम पर पंजीकृत नहीं है।</td><td>नहीं</td><td>भूमि के कब्जे की तिथि से 26 जनवरी, 2060 तक पट्टा। रिकॉर्ड में उपलब्ध 100.02 एकड़ के लिए आवंटन की तारीख 23.11.2009 है और 4.71 एकड़ के लिए 11.04.2018 है। हालाँकि, कब्ज़ा लेने की तारीख का दस्तावेज़ कंपनी के रिकॉर्ड में नहीं है।</td><td>जैसा कि हमें बताया गया है, कंपनी पट्टा विलेख के पंजीकरण के लिए मैंगलोर एसईजेड लिमिटेड से संपर्क कर रही है।</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>प्रबंधन का उत्तर</td><td>उद्योग एवं वाणिज्य निदेशालय के दिनांक 06 अप्रैल, 2023 के पत्र के अनुसार, आईएसपीआरएल ने एमएसईजेडएल के साथ पट्टा विलेख पंजीकरण के लिए 100% स्टाम्प ड्यूटी छूट प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया है।

आईएसपीआरएल ने बाजपे नगर पंचायत से खाता प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया है। परमूडे और बाला पंचायत से फॉर्म 9 और 11 प्राप्त कर लिया गया है, हालांकि जोकट्टे ग्राम पंचायत से यह लंबित है। इस पर तेजी से काम किया जा रहा है।

सभी दस्तावेज प्राप्त होने के बाद, पट्टा विलेख पंजीकृत किया जाएगा।</td></tr>
</table>

3.	**आईएसपीआरएल और एचपीसीएल के बीच पट्टा करार में किराये के भुगतान में देरी के कारण नकदी प्रवाह पर प्रभाव और संभावित उपचार की हानि के लिए कोई शास्ति खंड नहीं है;**
प्रबंधन का उत्तर	ईओआई में किसी शास्ति संबंधी प्रावधान की परिकल्पना नहीं की गई थी। इसके अतिरिक्त, एचपीसीएल के भुगतान में देरी एसएपी प्लेटफॉर्म पर उनके संक्रमण के कारण हुई है। भविष्य में समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए एचपीसीएल के वरिष्ठ प्रबंधन के साथ चर्चा चल रही है।
4.	**प्रत्येक माह के लिए कर्मचारी का वेतन पिछले माह की उनकी उपस्थिति के आधार पर संसाधित किया जाता है;**
प्रबंधन का उत्तर	आईएसपीआरएल अपने कर्मचारियों को माह के आखिरी दिन वेतन का भुगतान करता है। इसलिए वेतन भुगतान के लिए पिछले माह की उपस्थिति के रिकॉर्ड पर विचार किया जाता है। यह उद्योग परिपाटी अनुरूप है।
5.	**(क) भर्ती नीति, (ख) उपस्थिति नीति, (ग) मूल्यांकन नीति, (घ) पृथक्करण/निकास नीति, (ङ) हितों के टकराव संबंधी शपथपत्र को कवर करने वाली कोई मानव संसाधन नीति तैयार नहीं की गई;**
प्रबंधन का उत्तर	आईएसपीआरएल की मानव संसाधन नीति का मसौदा आवश्यक अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है।
6.	**(क) धोखाधड़ी विरोधी नीति, (ख) व्हिसिल ब्लोअर नीति, (ग) आचार संहिता के संबंध में कोई इकाई स्तर नियंत्रण नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप शीर्ष पर असंतोषजनक अनुकूलन, नियंत्रणों के प्रबंधन का अतिव्यापन, कर्तव्यों का अनुचित पृथक्करण और निवारक की तुलना में जासूसी नियंत्रणों पर अत्यधिक निर्भरता है;**
प्रबंधन का उत्तर	ओआईडीबी के तहत एक एसपीवी आईएसपीआरएल लागू होने पर शासन नीतियां तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम विभिन्न नीतियों की आवश्यकता की समग्र समीक्षा कर रहे हैं और उन्हें चालू वित्तीय वर्ष में लागू किया जाएगा।
7.	**कंपनी डाटा को संग्रहीत करने, स्थानांतरित करने या उस तक पहुंचने के लिए पेन ड्राइव के उपयोग के कारण मुख्यालय में सूचना और सुरक्षा नीति का अनुपालन न करने से डाटा हानि, चोरी और मैलवेयर संक्रमण का खतरा होता है;**
प्रबंधन का उत्तर	कंपनी की अपनी आईटी नीति है। आईटी नीति बिना किसी उचित स्वीकृति के कंपनी डाटा को संग्रहीत करने, स्थानांतरित करने या एक्सेस करने के लिए पेन ड्राइव के उपयोग को प्रतिबंधित करती है। प्रधान कार्यालय में पेन ड्राइव के उपयोग को रोकने के लिए कदम उठाए गए हैं।
8.	**टैली सॉफ्टवेयर में किसी भी अवधि में किसी भी लेखांकन प्रविष्टि को संशोधित करने, जोड़ने और हटाने के लिए टैली उपयोगकर्ता को प्रतिबंधित करने की कोई प्रणाली नहीं है;**
प्रबंधन का उत्तर	कंपनी ने टैली में आवश्यक सुरक्षा सुविधा लागू की है, जहां कोई भी उपयोगकर्ता (एडमिन की स्वीकृति के अलावा) लेखांकन प्रविष्टियों में कोई संशोधन, विलोपन नहीं कर सकता है।
9.	**टैली में कोई लॉक–इन अवधि नहीं है, जो कर्मचारियों को पिछली तिथि पर प्रविष्टियों को संशोधित करने और हटाने की अनुमति देती है।**
प्रबंधन का उत्तर	कंपनी ने टैली में आवश्यक सुरक्षा सुविधा लागू की है, जिसके तहत केवल निर्दिष्ट अवधि के लिए ही बैक डेटेड प्रविष्टि को टैली सॉफ्टवेयर में पोस्ट करने की अनुमति होगी।
10.	**कंपनी ने सांविधिक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित समय के भीतर कर चालान जारी नहीं किया है;**
प्रबंधन का उत्तर	अधिकांश चालान निर्धारित समय सीमा के भीतर जारी किए गए। भविष्य में आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।
11.	**परिसंपत्तियों की बिक्री, कर्मचारियों को अग्रिम राशि देने, कर्मचारी प्रतिपूर्ति, पुरानी शेष राशि को बट्टे खाते में डालने/प्रतिलेखित करने के लिए कोई नीति नहीं है;**

प्रबंधन का उत्तर	संशोधित लैम को अंतिम रूप दिया जा रहा है जिसमें ये टिप्पणियां शामिल होंगी। कर्मचारियों को अग्रिम राशि देने की नीति को मानव संसाधन नीति के मसौदे में शामिल किया गया है।
12.	**लेखांकन वाउचर पर तीसरे पक्ष के पेरोल (संविदाकार) के कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षर किए जाते हैं, जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई अनुमोदन नहीं दिया जाता है;**
प्रबंधन का उत्तर	संविदा कर्मचारियों को लेखा वाउचर, बीआरएस आदि पर हस्ताक्षर करने के लिए आवश्यक अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है।
13.	**वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए एमसीए/आरओसी फॉर्म डीपीटी–3 कंपनी द्वारा अभी तक दाखिल नहीं किया गया है;**
प्रबंधन का उत्तर	डीपीटी–3 को सरकारी कंपनी द्वारा दाखिल करना आवश्यक नहीं है। तकनीकी रूप से, हम एक सरकारी कंपनी नहीं हैं, इसलिए सुशासन परिपाटी और अनुपालन के अनुसार, डीपीटी–3 फॉर्म वित्त वर्ष 2021–22 तक दाखिल किया गया है, जिसमें कंपनी की श्रेणी को गैर–सरकारी कंपनी के रूप में चुना गया था और इसे सफलतापूर्वक दाखिल किया गया था। हालांकि, वित्त वर्ष 2022–23 के लिए, एमसीए वी3 पोर्टल ने एक त्रुटि संदेश दर्शाया कि, कंपनी की श्रेणी" – ''इस फॉर्म में सरकारी कंपनी के अलावा अन्य कंपनी'' के रूप में चयनित किया गया है'', हालांकि, कंपनी एमसीए रिकॉर्ड के अनुसार एक सरकारी कंपनी है"। दो राय सामने आईं – एक राय यह थी कि फॉर्म को सरकारी कंपनी के रूप में भरें और फॉर्म के साथ स्पष्टीकरण टिप्पणी संलग्न करें। दूसरी राय जो सामने आई, वह यह थी कि पहले एमसीए पोर्टल पर स्थिति को अदयतन करें और उसके बाद एमसीए डाटाबेस के साथ सहमति से कंपनी की श्रेणी के साथ फॉर्म डीपीटी–3 दाखिल करें ताकि भविष्य में किसी भी तरह से गैर–अनुपालन से बचा जा सके। यह विवेकपूर्ण और पर्याप्त सावधानी के तौर पर माना गया कि आईएसपीआरएल सबसे पहले अपने एमओए और एओए में संशोधन करेगा और एमसीए पोर्टल पर स्थिति को संरेखित करेगा और उसके बाद वित्त वर्ष 2022–23 के लिए फॉर्म डीपीटी–3 दाखिल करेगा।
14.	**वर्ष के दौरान कंपनी के पास 10 से अधिक कर्मचारी हैं, लेकिन कंपनी ने ईएसआईसी अधिनियम, 1948 के तहत पंजीकरण प्राप्त नहीं किया है और इसके प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया है। इसके अलावा, वर्ष के दौरान कंपनी के पास 20 से अधिक कर्मचारी (तृतीय पक्ष के संविदाकारों के माध्यम से कर्मचारियों सहित) हैं, लेकिन कंपनी ने ईपीएफ और एमपी अधिनियम, 1952 के तहत पंजीकरण प्राप्त नहीं किया है और इसके प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया है।**
प्रबंधन का उत्तर	**ईएसआई:–** चूंकि, आईएसपीआरएल कर्मचारियों का वेतन अधिनियम में निर्धारित सीमा से अधिक है, इसलिए ईएसआई के साथ पंजीकरण नहीं किया गया था। इस मामले पर उप निदेशक ईएसआई से स्पष्टीकरण प्राप्त किया गया था। हालांकि, जैसा कि सांविधिक लेखा परीक्षकों ने उल्लेख किया है, ईएसआई प्राधिकरण के साथ पंजीकरण के लिए कदम उठाए गए हैं। **पीएफ:–** चूंकि कंपनी में 20 से कम कर्मचारी हैं, इसलिए पीएफ का प्रावधान लागू नहीं है। हालांकि, जैसा कि सांविधिक लेखा परीक्षकों ने उल्लेख किया है, पीएफ प्राधिकरण के साथ पंजीकरण के लिए कदम उठाए गए हैं।
15.	**कंपनी द्वारा (परामर्शदाता के माध्यम से) पिछले कुछ वर्षों में किए गए परीक्षणों में कुछ नियंत्रण संबंधी कमजोरियों की बार–बार रिपोर्ट की जा रही है, जिन्हें कंपनी द्वारा संबोधित किए जाने की आवश्यकता है।**
प्रबंधन का उत्तर	आईएफसीओआर लेखा परीक्षक की सिफारिशों की समीक्षा की जा रही है और उन्हें चालू वित्तीय वर्ष में आवश्यकतानुसार लागू किया जाएगा।

अनुलग्नक–घ

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(ख) के तहत भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के तहत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचे के अनुसार 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड के वित्तीय विवरण तैयार करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। धारा 139 (5) के तहत भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक अधिनियम की धारा 143(10) के तहत निर्दिष्ट लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखा परीक्षा के आधार पर अधिनियम की धारा 143 के तहत वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार है। यह उल्लेख किया गया है कि यह कार्य उनके द्वारा 16 जुलाई 2024 की लेखापरीक्षा रिपोर्ट के माध्यम से किया गया है।

मैंने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से अधिनियम की धारा 143(6)(क) के तहत 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखापरीक्षा की है। यह अनुपूरक लेखापरीक्षा सांविधिक लेखापरीक्षक के कार्यकारी दस्तावेजों तक पहुँच के बिना स्वतंत्र रूप से की गई है और यह मुख्य रूप से सांविधिक लेखापरीक्षक और कंपनी के कार्मिकों से पूछताछ और कतिपय लेखा अभिलेखों की चयनात्मक जाँच तक सीमित है।

मेरे द्वारा की गई अनुपूरक लेखापरीक्षा के आधार पर मेरे संज्ञान में ऐसा कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं आया है, जिसके लिए अधिनियम की धारा 143(6)(ख) के तहत सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर किसी टिप्पणी या पूरक की आवश्यकता हो।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के लिए और की ओर से

हस्ता./–
बीरेन दिनेशचंद्र परमार
वाणिज्यिक लेखा परीक्षा महानिदेशक, मुंबई

स्थानः मुंबई
दिनांकः 20 सितंबर, 2024

अनुलग्नक–ङ

फॉर्म एमआर–3
सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) तथा कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) 2014 के नियम संख्या 9 के अनुपालन में]

सेवा में,
सदस्यगण,
इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड
301 वर्ल्ड ट्रेड सेंटर,
तृतीय तल, बाबर रोड
नई दिल्ली–110001

हमने इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड CIN U63023DL2004GOI126973, (जिसे इसमें आगे ''कंपनी'' कहा गया है), द्वारा लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और विकसित निगमित पद्धतियों के पालन की सचिवीय लेखापरीक्षा की है। सचिवीय लेखापरीक्षा इस तरह से संचालित की गई है की हमें निगमित आचरण/सांविधिक अनुपालनों का मूल्यांकन करने और उस पर अपनी राय व्यक्त करने का एक तर्कसंगत आधार प्राप्त हुआ।

कंपनी की बही, कागजातों, कार्यवृत्त बहियों, प्रपत्रों और कंपनी द्वारा दायर विवरणियों एवं बनाए गए अन्य अभिलेखों तथा कंपनी, उसके अधिकारियों, अभिकर्ताओं और अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा सचिवीय लेखा परीक्षा के संचालन के दौरान प्रदान की गई जानकारी के आधार पर, हम एतद्द्वारा रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में, कंपनी ने **31 मार्च, 2024** को समाप्त वर्ष वाली लेखा परीक्षा की अवधि के दौरान यहां सूचीबद्ध सभी सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह भी कि कंपनी के पास यहां रिपोर्ट किये गए तरीके तथा शर्तों के अध्यधीन उचित बोर्ड–प्रक्रियाएं और अनुपालन तंत्र उपलब्ध हैं :

हमने निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की बही, कागजातों, कार्यवृत्त बहियों, प्रपत्रों और दायर विवरणियों और अन्य अभिलेखों की जांच की है :

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और उसके तहत बनाए गए नियम;

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (एससीआरए') और उसके तहत बनाए गए नियम;

(iii) निक्षेपागार अधिनियम, 1996 और उसके तहत बनाए गए विनियम और उपनियम;

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और उसके तहत बनाए गए नियम और विनियम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और बाहरी वाणिज्यिक उधार की सीमा तक; **लागू नहीं**

(v) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 के अंतर्गत निर्धारित निम्नलिखित विनियम और दिशानिर्देश :

(क) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015; **लागू नहीं**

(ख) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अर्जन और अधिग्रहण) विनियमन, 2011; **लागू नहीं**

(ग) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (आंतरिक ट्रेडिंग पर निषेध) विनियमन, 1992; **लागू नहीं**

(घ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी जारी करना और अपेक्षाओं का प्रकटीकरण) विनियमन, 2018; **लागू नहीं**

(ङ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी हितलाभ और स्वीट इक्विटी) दिशानिर्देश, 2021; **लागू नहीं**

(च) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम और शेयर अंतरण अभिकर्ता के लिए रजिस्ट्रार) विनियम, 1993 कंपनी अधिनियम और क्लाइंट से निपटने से संबंधित;

(छ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों को असूचीबद्ध करना) विनियमन, 2021; **लागू नहीं**

(ज) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों की पुनर्खरीद) विनियमन, 2018; **लागू नहीं**

(vi) हमने इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्रीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सचिवीय मानकों के लागू खंडों के साथ अनुपालन की भी जांच की।

(vi) अन्य लागू कानून :

i) पेट्रोलियम अधिनियम, 1934;

ii) भारतीय विस्फोटक अधिनियम, 1884;

iii) महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013

(vii) पर्यावरण कानून :

i) जल (प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974

ii) वायु (प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981

iii) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986

iv) खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमापार संचलन) नियम, 2016

हमने कंपनी पर लागू अन्य कानूनों और विनियमों के तहत अनुपालन के लिए कंपनी द्वारा गठित प्रणालियों और तंत्र के लिए कंपनी और उसके अधिकारियों द्वारा किए गए अभ्यावेदन पर विश्वास किया है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने ऊपर उल्लिखित अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

हम आगे यह भी रिपोर्ट करते हैं कि

कंपनी के निदेशक मंडल का गठन कार्यकारी निदेशकों और गैर–कार्यकारी निदेशकों के उचित संतुलन के साथ किया गया है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में जो परिवर्तन किए गए, वे अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कुछ बोर्ड बैठकें और समिति की बैठकें अल्पावधि नोटिस पर बुलाई गई, कार्यसूची के साथ–साथ कार्यसूची पर विस्तृत टिप्पणियां भी अल्पावधि नोटिस पर भेजी गई और निदेशकों से सहमति ली गई। बैठक से पहले कार्यसूची की मदों पर आगे की जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त करने और बैठक में सार्थक भागीदारी के लिए एक प्रणाली मौजूद है।

बोर्ड/समिति की बैठकों के लिए कंपनी द्वारा बनाए गए कार्यवृत्तों के अनुसार सभी निर्णय सर्वसम्मति से किए गए हैं। बोर्ड के सदस्यों ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान कार्यसूची की किसी भी मद पर कोई असहमतिपूर्ण विचार व्यक्त नहीं किया है।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी के आकार और प्रचालन के अनुरूप कंपनी में लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी और सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रणालियाँ और प्रक्रियाएँ हैं।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी ने उपर्युक्त कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के अनुसरण में कंपनी के मामलों को बड़े तौर पर प्रभावित करने वाली घटनाएँ/कार्रवाई नहीं की है।

कृते पीजी एंड एसोसिएट्स
(कंपनी सचिव)
विशिष्ट कोड नंबर : S2004UP073600

हस्ता./-
सीएस प्रीति ग्रोवर
(प्रोपराइटर)
एफसीएस : 5862, सीपी सं. : 6065
पीयर रिव्यू नंबर: 772/2020

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 22.05.2024

यूडीआईएनः F005862F000418868

अनुलग्नक–क

सेवा में,
सदस्यगण,
इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड
301, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर
तृतीय तल, बाबर रोड
नई दिल्ली–110001

लेखापरीक्षक की जिम्मेदारी

लेखापरीक्षा के आधार पर, हमारी जिम्मेदारी कंपनी द्वारा लागू कानूनों के अनुपालन और अभिलेखों का रखरखाव पर एक राय व्यक्त करना है। हमने इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्रीज ऑफ इंडिया ("आईसीएसआई") द्वारा निर्दिष्ट लेखापरीक्षा मानकों सीएसएएस 1 से सीएसएएस 4 ("सीएसएएस") के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा की। इन मानकों के अनुसार लेखापरीक्षक को सांविधिक और विनियामक आवश्यकताओं का अनुपालन करना चाहिए और लागू कानूनों के अनुपालन और अभिलेखों के रखरखाव के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा की योजना बनानी चाहिए और उसे निष्पादित करना चाहिए।

आंतरिक, वित्तीय और प्रचालन नियंत्रणों सहित लेखापरीक्षा की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, एक अपरिहार्य जोखिम है कि कुछ मिथ्याबयानी या महत्वपूर्ण गैर–अनुपालन का पता नहीं चल सकता है, भले ही लेखापरीक्षा सीएसएएस के अनुसार उचित रूप से योजनाबद्ध और निष्पादित की गई हो। हमारी समदिनांकित रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ी जानी है :

1. सचिवीय अभिलेखों का रखरखाव कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारे निष्कर्ष/लेखापरीक्षा के आधार पर, इन सचिवीय अभिलेखों पर अपनी राय व्यक्त करना हमारी जिम्मेदारी है।
2. हमने लेखा परीक्षा पद्धतियों और प्रक्रियाओं का पालन किया है जो सचिवीय अभिलेखों की सामग्री की यथार्थता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त थे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सचिवीय अभिलेखों में सही तथ्य परिलक्षित होते हैं, परीक्षण के आधार पर सत्यापन किया गया था। हम मानते हैं कि जिन प्रक्रियाओं और प्रथाओं का हमने पालन किया है, वे हमारी राय के लिए उचित आधार प्रदान करती हैं।
3. हमने कंपनी के वित्तीय अभिलेखों और लेखा बहियों की यथार्थता और उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है और इनके लिए हमने सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर विश्वास किया है।
4. हमने कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन और घटनाओं आदि के बारे में प्रबंधन का अभ्यावेदन, जहां कहीं आवश्यक हो, प्राप्त किया है।
5. कॉर्पोरेट और अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जांच, परीक्षण के आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी।
6. सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट न तो कंपनी की भावी व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही उस प्रभावोत्पादकता या प्रभावशीलता के बारे में जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का संचालन किया है।

कृते, पीजी एंड एसोसिएट्स
(कंपनी सचिव)
विशिष्ट कोड नंबर : S2004UP073600

हस्ता./-
सीएस प्रीति ग्रोवर
(प्रोपराइटर)
एफसीएस : 5862, सीपी सं. : 6065
पीयर रिव्यू नंबर: 772/2020

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 22.05.2024
यूडीआईएनः F005862F000418868

वार्षिक लेखे
2023-24

31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार तुलन–पत्र

सीआईएन:-U63023DL2004GOI126973

विवरण		टिप्पणी संख्या	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
(I)	**परिसंपत्ति**			
	गैर चालू परिसंपत्ति			
	(क) सम्पत्ति, संयत्र तथा उपकरण	2	2,98,218.63	3,08,106.69
	(ख) पूंजीगत कार्य प्रगति पर	2.1	-	-
	(ग) अन्य अमूर्त परिसंपत्तियां	3	7,150.36	7,150.39
	(घ) वित्तीय पूंजी			
	(i) ऋण	4	-	-
	(ii) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ	5	5,778.69	18,611.77
	(ङ) आयकर परिसंपत्ति	6	1,161.77	986.50
	(च) अन्य गैर – चालू परिसंपत्ति	7	20,066.60	10,294.62
	उप–योग		**3,32,376.05**	**3,45,149.97**
(II)	**चालू परिसंपत्ति**			
	(क) वित्तीय पूंजी			
	(i) व्यापार प्राप्तियां	8	69.59	-
	(ii) नकदी और नकदी समतुल्य	9	10,287.90	1,883.76
	(iii) उपरोक्त के अलावा अन्य बैंक शेष	10	-	-
	(iv) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ	11	22,255.72	1,432.48
	(ख) अन्य चालू परिसंपत्तियां	12	2,185.61	1,797.61
	उप–योग		**34,798.82**	**5,113.85**
	कुल परिसंपत्ति		**3,67,174.87**	**3,50,263.82**
(I)	**इक्विटी और देयता**			
	इक्विटी			
	(क) इक्विटी शेयर पूंजी	13	3,79,005.47	3,79,005.47
	(ख) अन्य इक्विटी	14	(72,038.39)	(63,168.45)
	उप–योग		**3,06,967.08**	**3,15,837.02**
(II)	**देयताएं**			
	गैर–चालू देयताएं			
	(क) वित्तीय देयताएं			
	(i) उधारी	-	-	-
	(ia) पट्टा देयताएं	15	552.31	554.71
	(ii) अन्य वित्तीय देयताएं	16	22.28	17.37
	(ख) प्रावधान	17	7.45	-
	उप–योग		**582.04**	**572.08**
(III)	**चालू देयताएं**			
	(क) वित्तीय देयताएं			
	(i) उधारी	18	-	-
	(ia) पट्टा देयताएं	19	4.15	3.77
	(ii) व्यापार देयताएं			
	(क) सूक्ष्म उद्यमों और लघु उद्यमों को कुल बकाया राशि	20	346.95	204.41
	(ख) उद्यमों और लघु उद्यमों के अलावा अन्य लेनदारों का कुल बकाया	20	1,812.49	1,687.20
	(iii) अन्य वित्तीय देयताएं	21	27,141.04	22,092.40
	(ख) प्रावधान	22	0.87	-
	(ग) अन्य चालू देयताएं	23	30,320.25	9,866.94
	उप–योग		**59,625.75**	**33,854.72**
	कुल इक्विटी और देयताएं		**3,67,174.87**	**3,50,263.82**

महत्वपूर्ण लेखांकन नीति संबंधी जानकारी — 1
लेखा संबंधी टिप्पणियां — 2- 40(iii)
उपर्युक्त उल्लिखित टिप्पणियां, वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं।
हमारी संलग्न समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार

प्रसाद आज़ाद एंड कंपनी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण संख्या : 001009N

हस्ता./-
(के.एम. आज़ाद)
साझेदार
सदस्यता संख्या : 005125

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 16 जुलाई, 2024

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ता./-
(ईशा श्रीवास्तव)
निदेशक
डीआईएन : 08504560

हस्ता./-
(दीपक कुमार)
मुख्य वित्त अधिकारी

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 16 जुलाई, 2024

हस्ता./-
(लखपत राय जैन)
मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 08505199

हस्ता./-
(शिल्पी गोहंती)
कंपनी सचिव
ACS-19333

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि का विवरण
सीआईएन:-U63023DL2004GOI126973

विवरण	टिप्पणी संख्या	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
आय			
प्रचालन से राजस्व	24	1,047.74	205.81
अन्य आय (ओ एंड एम अनुदान सहित)	25	14,532.98	14,966.21
कुल आय		**15,580.72**	**15,172.02**
व्यय			
कर्मचारी हितलाभ व्यय	26	1,254.51	1,230.74
वित्त लागत	27	344.93	885.43
मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	28	9,902.36	9,943.14
अन्य खर्चों			
- - संचालन एवं अनुरक्षण (ओ एंड एम) व्यय	29.1	12,948.46	12,497.86
- - चरण II परियोजना के लिए व्यय	29.2	-	314.15
- - विविध व्यय	29.3	0.40	2.08
कुल व्यय		**24,450.66**	**24,873.40**
कर पूर्व लाभ/(हानि)		**(8,869.94)**	**(9,701.38)**
कर व्यय:			
वर्तमान कर		-	-
आस्थगित कर		-	-
कुल कर व्यय		-	-
वर्ष के लिए लाभ/(हानि)		**(8,869.94)**	**(9,701.38)**
अन्य व्यापक आय		-	-
वर्ष के लिए कुल व्यापक आय (वर्ष के लिए लाभ/(हानि) और अन्य व्यापक आय सहित)		**(8,869.94)**	**(9,701.38)**
प्रति इक्विटी शेयर आय (प्रत्येक का सममूल्य ₹10/-)	30		
(i) बेसिक		(0.23)	(0.26)
(ii) तनुकृत		(0.23)	(0.26)

महत्वपूर्ण लेखांकन नीति संबंधी जानकारी — 1
लेखा संबंधी टिप्पणियां — 2-40(iii)
उपर्युक्त उल्लिखित टिप्पणियां, वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं।
हमारी संलग्न समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार

प्रसाद आज़ाद एंड कंपनी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण संख्या : 001009N

हस्ता./-
(के.एम. आज़ाद)
साझेदार
सदस्यता संख्या : 005125

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 16 जुलाई, 2024

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ता./-
(ईशा श्रीवास्तव)
निदेशक
डीआईएन : 08504560

हस्ता./-
(लखपत राय जैन)
मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 08505199

हस्ता./-
(दीपक कुमार)
मुख्य वित्त अधिकारी

हस्ता./-
(शिल्पी मोहंती)
कंपनी सचिव
ACS-19333

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 16 जुलाई, 2024

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह का विवरण

सीआईएन:-U63023DL2004GOI126973

क्रम संख्या	विवरण	₹ लाख में 31 को समाप्त वर्ष के लिए मार्च, 2024	₹ लाख में 31 को समाप्त वर्ष के लिए मार्च, 2023
(क)	**प्रचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह विवरण**		
	कर–पूर्व निवल लाभ / (हानि)	(8,869.94)	(9,701.38)
	निम्नलिखित के लिए समायोजन : –		
	मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	9,902.36	9,943.14
	निम्नलिखित को बट्टे खाते में डालने पर हानि	0.35	2.08
	संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	-	21.00
	व्यय / विपूंजीकरण में प्रभारित संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	(2.38)	
	समायोजन / पूंजीकरण में प्रभारित संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	-	(0.01)
	संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की बिक्री पर लाभ	344.93	885.43
	वित्त लागत ब्याज आय	(401.36)	(907.86)
	कार्यशील पूंजी में परिवर्तन से पहले प्रचालन लाभ	**973.96**	**242.40**
	निम्नलिखित के लिए समायोजन : –		
	वित्तीय एवं अन्य परिसंपत्तियों में (वृद्धि) / कमी	(30,650.36)	3,647.82
	देयताओं और प्रावधानों में वृद्धि / (कमी)	21,484.20	(12,232.34)
	कार्यशील पूंजी में निवल वृद्धि / (कमी)	**(9,166.16)**	**(8,584.52)**
	प्रचालन से उत्पन्न नकदी	**(8,192.20)**	**(8,342.12)**
	प्रत्यक्ष कर का भुगतान (प्रतिदाय के बाद निवल)	(175.28)	(86.11)
	प्रचालन से कुल नकदी प्रवाह (क)	**(8,367.48)**	**(8,428.23)**
(ख)	**निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह**		
	संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की खरीद	(12.28)	(127.86)
	संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की बिक्री पर प्रतिफल	-	1.74
	सावधि जमा में निवेश (3 माह से अधिक)	10,248.99	6,844.17
	प्राप्त ब्याज	401.36	907.86
	निवेश गतिविधियों में प्रयुक्त निवल नकदी (ख)	**10,638.07**	**7,625.91**
(ग)	**वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह**		
	ओआईडीबी से चरण II के लिए अनुदान से प्राप्तियां (रिफंड के बाद निवल)	298.82	-
	ओआईडीबी से अनुदान का परिशोधन	-	(314.15)
	भूमि के लिए भारत सरकार से अनुदान से प्राप्त आय	4,000.00	-
	वित्त लागत (इंड एएस 116)	(344.93)	(885.43)
	पट्टा देयताएं (इंड एएस 116)	(2.03)	(3.73)
	वित्तीय गतिविधियों से निवल नकदी प्रवाह (ग)	**3,951.86**	**(1,203.31)**
(घ)	**नकदी एवं नकदी समकक्षों में निवल वृद्धि / (कमी) (क+ख+ग)**	**6,222.45**	**(2,005.63)**
	नकदी और नकदी समकक्षों का प्रारंभिक शेष	**248.76**	**2,254.39**
	नकदी और नकदी समकक्षों का अंत शेष	**6,471.21**	**248.76**
	नकदी और नकदी समतुल्य के घटक		
	बैंकों के पास शेष राशि		
	--बचत खातों में	5,455.44	197.66
	--चालू खातों में	54.74	51.10
	--जमा खातों में		
	-- सावधि जमा (मूल परिपक्वता अवधि 3 माह तक)	961.03	-
	--हाथ में नकदी	-	-
	कुल	**6,471.21**	**248.76**

टिप्पणी :

1. उपरोक्त नकदी प्रवाह विवरण नकदी प्रवाह विवरण के संबंध में इंड एएस 7 में निर्धारित "अप्रत्यक्ष विधि" के तहत तैयार किया गया है।

महत्वपूर्ण लेखाकन नीति संबंधी जानकारी
लेखा संबंधी टिप्पणियां
उपर्युक्त उल्लिखित टिप्पणियां, वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं।

1
2- 40(liii)

हमारी संलग्न समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार

प्रसाद आज़ाद एंड कंपनी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण संख्या : 001009N

हस्ता./-
(के.एम. आज़ाद)
साझेदार
सदस्यता संख्या : 005125

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 16 जुलाई, 2024

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ता./-
(ईशा श्रीवास्तव)
निदेशक
डीआईएन : 08504560

हस्ता./-
(दीपक कुमार)
मुख्य वित्त अधिकारी

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 16 जुलाई, 2024

हस्ता./-
(लखपत राय जैन)
मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 08505199

हस्ता./-
(शिल्पी गोहंती)
कंपनी सचिव
ACS-19333

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन का विवरण

क. इक्विटी शेयर पूंजी

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
रिपोर्टिंग अवधि की शुरुआत में शेष राशि (क) पूर्व अवधि की त्रुटियों के कारण इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन (ख)	3,79,005.47 -	3,79,005.47 -
रिपोर्टिंग अवधि की शुरुआत में पुनर् उल्लिखित शेष राशि (ग) = (क) + (ख)	**3,79,005.47**	**3,79,005.47**
वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन (घ)	-	-
रिपोर्टिंग अवधि के अंत में शेष राशि (ङ) = (ग) + (घ)	**3,79,005.47**	**3,79,005.47**

ख. अन्य इक्विटी

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
	प्रतिधारित आय	
रिपोर्टिंग अवधि की शुरुआत में शेष राशि (क) लेखांकन नीति में परिवर्तन या पूर्व अवधि की त्रुटियाँ (ख)	(63,168.45) -	(53,467.07) -
रिपोर्टिंग अवधि की शुरुआत में पुनर् उल्लिखित शेष राशि (ग) = (क) + (ख)	**(63,168.45)**	**(53,467.07)**
प्रतिधारित आय में अंतरित (घ) वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय (ङ)	(8,869.94) -	(9,701.38) -
रिपोर्टिंग अवधि के अंत में शेष राशि (च) = (ग) + (घ) + (ङ)	**(72,038.39)**	**(63,168.45)**

प्रसाद आज़ाद एंड कंपनी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण संख्या : 001009N

हस्ता./-
(के.एम. आज़ाद)
साझेदार
सदस्यता संख्या : 005125

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 16 जुलाई, 2024

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ता./-
(ईशा श्रीवास्तव)
निदेशक
डीआईएन : 08504560

हस्ता./-
(लखपत राय जैन)
मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 08505199

हस्ता./-
(दीपक कुमार)
मुख्य वित्त अधिकारी

हस्ता./-
(शिल्पी मोहंती)
कंपनी सचिव
ACS-19333

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 16 जुलाई, 2024

टिप्पणी संख्या 2 : संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

₹ लाख में

विवरण	सकल ब्लॉक				मूल्यह्रास/परिशोधन				निवल ब्लॉक	
	1 अप्रैल, 2023 तक की स्थिति के अनुसार	वर्ष के दौरान परिवर्धन	निस्तारण/ कटौती/ अंतरण/ पुनर्वर्गीकरण/उपयोगी काल का पुनर्अनुमान	31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2023 तक मूल्यह्रास	वर्ष के लिए मूल्यह्रास	निस्तारण/कटौती/ अंतरण/ पुनर्वर्गीकरण /उपयोगी काल का का पुनर्अनुमान	31 मार्च, 2024 तक कुल मूल्यह्रास	31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
(क) भवन	18,447.51	-	-	18,447.51	2,972.06	511.92	-	3,483.98	14,963.53	15,475.45
(ख) सड़कें और पुलिया	3,165.30	-	-	3,165.30	2,079.91	178.68	-	2,258.59	906.71	1,085.39
(ग) संयंत्र और मशीनरी	1,26,738.73	1.90	-	1,26,740.63	30,264.74	5,176.87	-	35,441.61	91,299.02	96,473.99
(घ) कैवर्न्स	2,02,939.31	-	-	2,02,939.31	19,466.32	3,391.59	-	22,857.91	1,80,081.40	1,83,472.99
(ङ) फर्नीचर और फिक्स्चर	169.23	-	-	169.23	97.78	15.02	-	112.80	56.43	71.45
(च) परिवहन वाहन	151.23	-	-	151.23	89.55	13.96	-	103.51	47.72	61.68
(छ) कार्यालय उपकरण	474.43	7.06	-	481.49	415.00	13.63	-	428.63	52.86	59.43
(ज) कंप्यूटर	1,253.56	3.32	(0.71)	1,256.17	1,085.80	60.84	(0.35)	1,146.29	109.88	167.76
(झ) उपयोग का अधिकार इंड एएस 116)*	13,270.10	2.38	-	13,272.48	2,031.55	539.85	-	2,571.40	10,701.08	11,238.55
कुल	**3,66,609.40**	**14.66**	**(0.71)**	**3,66,623.35**	**58,502.71**	**9,902.36**	**(0.35)**	**68,404.72**	**2,98,218.63**	**3,08,106.69**

विगत वर्ष

₹ लाख में

विवरण	सकल ब्लॉक				मूल्यह्रास/परिशोधन				निवल ब्लॉक	
	1 अप्रैल, 2022 तक की स्थिति के अनुसार	वर्ष के दौरान परिवर्धन	निस्तारण/ कटौती/ अंतरण/ पुनर्वर्गीकरण/उपयोगी काल का पुनर्अनुमान	31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2022 तक मूल्यह्रास	वर्ष के लिए मूल्यह्रास	निस्तारण/कटौती/ अंतरण/ पुनर्वर्गीकरण /उपयोगी काल का का पुनर्अनुमान	31 मार्च, 2023 तक कुल मूल्यह्रास	31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2022 तक की स्थिति के अनुसार
(क) भवन	18,447.51	-	-	18,447.51	2,460.10	511.96	-	2,972.06	15,475.45	15,987.41
(ख) सड़कें और पुलिया	3,165.30	-	-	3,165.30	1,855.40	224.51	-	2,079.91	1,085.39	1,309.90
(ग) संयंत्र और मशीनरी	1,26,754.35	-	(15.62)	1,26,738.73	24,999.61	5,275.03	(9.90)	30,264.74	96,473.99	1,01,754.74
(घ) कैवर्न्स	2,02,919.61	19.70	-	2,02,939.31	16,087.84	3,378.48	-	19,466.32	1,83,472.99	1,86,831.77
(ङ) फर्नीचर और फिक्स्चर	167.80	1.43	-	169.23	81.82	15.96	-	97.78	71.45	85.98
(च) परिवहन वाहन	131.41	19.82	-	151.23	73.29	16.26	-	89.55	61.68	58.12
(छ) कार्यालय उपकरण	456.78	26.09	(8.44)	474.43	402.67	9.03	3.30	415.00	59.43	54.11
(ज) कंप्यूटर	1,255.65	11.38	(13.47)	1,253.56	1,012.35	79.53	(6.08)	1,085.80	167.76	243.30
(झ) उपयोग का अधिकार इंड एएस 116)*	13,270.10	-	-	13,270.10	1,599.17	432.38	-	2,031.55	11,238.55	11,670.93
कुल	**3,66,568.51**	**78.42**	**(37.53)**	**3,66,609.40**	**48,572.25**	**9,943.14**	**(12.68)**	**58,502.71**	**3,08,106.69**	**3,17,996.26**

*टिप्पणी संख्या 31.1 और लेखा नीति संख्या 1.11 देखें

वित्तीय विवरण के संबंध में टिप्पणियाँ

टिप्पणी संख्या 2.1: पूंजीगत कार्य प्रगति पर

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
	-	-
कुल	-	-

टिप्पणी संख्या 3: अन्य अमूर्त परिसंपत्तियां

अमूर्त परिसंपत्तियाँ (पाइपलाइन के लिए आरओयू)

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
वर्ष के आरंभ में सकल ब्लॉक	7,150.39	7,100.95
वर्ष के दौरान अन्य परिसंपत्तियों से परिवर्धन / अंतरण	(0.03)	49.44
निपटान / कटौती / हस्तांतरण / पुनर्वर्गीकरण	-	-
वर्ष के अंत तक सकल ब्लॉक	**7,150.36**	**7,150.39**
वर्ष के आरंभ में परिशोधन	-	-
वर्ष के दौरान परिशोधन	-	-
निपटान / कटौती / हस्तांतरण / पुनर्वर्गीकरण	-	-
वर्ष के अंत तक परिशोधन	**-**	**-**
निवल ब्लॉक	**7,150.36**	**7,150.39**
टिप्पणी: पाइपलाइन के लिए आरओयू सतत आधार पर अधिगृहीत की जाती है, इसलिए कोई परिशोधन नहीं किया जा रहा है।		

टिप्पणी संख्या 4: ऋण

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
	-	-
कुल	-	-

टिप्पणी संख्या 5: अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
प्रतिभूति जमा	701.30	689.80
प्रवेश कर, कर्नाटक से वसूली योग्य (बीजी नकदीकरण के सापेक्ष)	74.64	74.64
सावधि जमा (एक वर्ष से अधिक की मूल परिपक्वता के साथ)*		
[इसमें ₹0.34 लाख का उपार्जित ब्याज शामिल है (पिछले वर्ष ₹422.45 लाख)]	2.29	12,432.97
***गिरवी रखी गई जमाराशियों के विवरण के लिए टिप्पणी संख्या 40(xvi) देखें**		
एचसीसी के मध्यस्थता मामले के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में जमाराशि [टिप्पणी संख्या 40 (xlii) देखें]	5,000.46	5,000.46
उडुपी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पास जमाराशि	-	410.84
कर्मचारियों को अग्रिम	-	3.06
कुल	**5,778.69**	**18,611.77**

टिप्पणी संख्या 6: आयकर परिसंपत्तियां

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
आयकर परिसंपत्तियां (वित्त वर्ष 2018–19)	14.16	14.16
आयकर परिसंपत्तियां (वित्त वर्ष 2019–20)	15.71	15.71
आयकर परिसंपत्तियां (वित्त वर्ष 2020–21)	38.13	38.13
आयकर परिसंपत्तियां (वित्त वर्ष 2021–22)	104.01	104.01
आयकर परिसंपत्तियां (वित्त वर्ष 2022–23)	728.39	728.39
आयकर परिसंपत्तियां (वित्त वर्ष 2023–24)	86.96	86.10
आयकर परिसंपत्तियां (वित्त वर्ष 2024–25)	174.41	-
कुल	**1,161.77**	**986.50**

टिप्पणी संख्या 7: अन्य गैर चालू परिसंपत्तियां

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
(परिशोधित लागत पर शोध्य मानी गई अप्रतिभूत राशि)		
चरण II परियोजना के भूमि अधिग्रहण के लिए केआईएडीबी को पूंजीगत अग्रिम	17,644.84	9,823.55
भूमि अधिग्रहण चरण I विस्तार भूमि के लिए एमएसईजेडएल को पूंजीगत अग्रिम	2,269.39	200.00
पूर्वदत्त व्यय	152.37	271.07
कुल	**20,066.60**	**10,294.62**

टिप्पणी संख्या 8: व्यापार प्राप्य

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
संबंधित पक्षकार से		
प्रतिभूत, शोध्य	-	-
अप्रतिभूत, शोध्य	-	-
संदिग्ध	-	-
अन्य से		
प्रतिभूति, शोध्य	-	-
अप्रतिभूत, शोध्य	69.59	-
संदिग्ध	-	-
कुल	**69.59**	**-**

व्यापार प्राप्य एजेइंग शेड्यूल

भुगतान की नियत तिथि से निम्नलिखित अवधि के लिए बकाया – वित्तीय वर्ष 2023–24

₹ लाख में

विवरण	6 माह से कम	6 माह– 1 वर्ष	1–2 वर्ष	2–3 वर्ष	3 वर्ष से अधिक	कुल
(i) निर्विवाद व्यापार प्राप्य – शोध्य माने गए	69.59	-	-	-	-	**69.59**
(ii) निर्विवाद व्यापार प्राप्य – संदिग्ध माने गए	-	-	-	-	-	-
(iii) विवादित व्यापार प्राप्य – शोध्य माने गए	-	-	-	-	-	-
(iv) विवादित व्यापार प्राप्य – संदिग्ध माने गए	-	-	-	-	-	-

व्यापार प्राप्य एजेइंग शेड्यूल

भुगतान की नियत तिथि से निम्नलिखित अवधि के लिए बकाया – वित्तीय वर्ष 2022–23

₹ लाख में

विवरण	6 माह से कम	6 माह– 1 वर्ष	1–2 वर्ष	2–3 वर्ष	3 वर्ष से अधिक	कुल
(i) निर्विवाद व्यापार प्राप्य – शोध्य माने गए	-	-	-	-	-	-
(ii) निर्विवाद व्यापार प्राप्य – संदिग्ध माने गए	-	-	-	-	-	-
(iii) विवादित व्यापार प्राप्य – शोध्य माने गए	-	-	-	-	-	-
(iv) विवादित व्यापार प्राप्य – संदिग्ध माने गए	-	-	-	-	-	-

टिप्पणी संख्या 9: नकदी और नकदी समतुल्य

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
बैंकों के पास शेष राशि		
बचत खातों में	5,455.44	197.66
चालू खातों में	54.74	51.10
बैंक जमा में		
सावधि जमा (तीन माह तक की मूल परिपक्वता अवधि)	961.03	-
सावधि जमा (तीन माह से अधिक किन्तु एक वर्ष तक की मूल परिपक्वता)	3,816.69	1,635.00
नकदी शेष:		
हाथ में नकदी	-	-
कुल	**10,287.90**	**1,883.76**

टिप्पणी संख्या 10: उपरोक्त के अलावा अन्य बैंक शेष

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
	-	-
कुल	**-**	**-**

टिप्पणी संख्या 11: अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
(अप्रतिभूत को परिशोधित लागत पर शोध्य)		
एचपीसीएल से प्राप्य (ओ एंड एम व्यय)	631.13	746.46
एचपीसीएल से प्राप्य (ओ एंड एम के अलावा)	7.08	1.40
एडनोक से वसूल किए जाने योग्य प्रचालन एवं अन्य व्यय	63.41	170.91
विद्युत कंपनियों के पास प्रतिभूति जमा पर अर्जित ब्याज	28.31	19.35
कर्मचारियों को यात्रा अग्रिम	-	4.02
कर्मचारियों को अर्जित आय के लिए अग्रिम	3.06	5.95
जमा पूंजी	84.76	170.24
ओआईडीबी से प्राप्य राशि (पूर्व परियोजना व्यय चरण II)	15.34	314.15
भारत सरकार से प्राप्य राशि (चरण 1 विस्तार भूमि के लिए)	9,700.95	-
एस.के.ई.सी.–के.सी.टी. जे.वी. मामले के लिए भारत सरकार/पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से प्राप्य	11,721.68	-
कुल	**22,255.72**	**1,432.48**

टिप्पणी संख्या 12: अन्य चालू परिसंपत्तियां

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
(अप्रतिभूत जिन्हें शोध्य माना गया)		
ओआईडीबी से वसूल किए जाने योग्य व्यय	0.12	0.01
अन्य प्राप्य	22.28	-
आपूर्तिकर्ता को अग्रिम राशि	384.58	227.42
आपूर्तिकर्ताओं को पूंजी अग्रिम	10.97	4.61
पूर्वदत्त व्यय	1,144.87	1,197.36
जीएसटी क्रेडिट प्राप्य	622.79	368.21
कुल	**2,185.61**	**1,797.61**

टिप्पणी संख्या 13: शेयर पूंजी

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार		₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार	
	शेयर की संख्या	मात्रा	शेयर की संख्या	मात्रा
इक्विटी शेयर पूंजी (क) अधिकृत ₹10/– के प्रति इक्विटी शेयर।	3,832,560,000	3,83,256.00	3,832,560,000	3,83,256.00
(ख) निर्गत, अभिदत्त, पूर्ण संदत्त ₹10/– के प्रति इक्विटी शेयर	3,790,054,670	3,79,005.47	3,790,054,670	3,79,005.47

टिप्पणियाँ:

(i) इक्विटी शेयरों की संख्या का मिलान :

विवरण	31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
₹10/– के प्रति इक्विटी शेयर		
प्रारम्भिक जमा	3,790,054,670	3,790,054,670
निर्गत इक्विटी शेयर का आरंभिक शेष	-	-
वापस खरीदे गए इक्विटी शेयर	-	-
अंत शेष	3,790,054,670	3,790,054,670

(ii) होल्डिंग कंपनी द्वारा धारित शेयर:

शेयरधारकों का नाम	31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार		31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार	
	धारित शेयरों की संख्या	उस श्रेणी के शेय. रों में % हिस्सेदारी	धारित शेयरों की संख्या	उस श्रेणी के शेयरों में % हिस्सेदारी
₹10/– के प्रति इक्विटी शेयर				
तेल उद्योग विकास बोर्ड, नई दिल्ली और इसके नामित सदस्य	3,790,054,670	100%	3,790,054,670	100%
कुल	**3,790,054,670**	**100%**	**3,790,054,670**	**100%**

(iii) 5% से अधिक शेयर रखने वाले शेयरधारकों का विवरण :

शेयरधारकों का नाम	31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार		31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार	
	धारित शेयरों की संख्या	उस श्रेणी के शेयरों में % हिस्सेदारी	धारित शेयरों की संख्या	उस श्रेणी के शेयरों में % हिस्सेदारी
₹10/– के प्रति इक्विटी शेयर				
तेल उद्योग विकास बोर्ड, नई दिल्ली और इसके नामित सदस्य	3,790,054,670	100%	3,790,054,670	100%
कुल	**3,790,054,670**	**100%**	**3,790,054,670**	**100%**

(iv) प्रमोटर शेयरधारिता पैटर्न

वर्ष 2023–24 के अंत में प्रमोटरों द्वारा धारित शेयर

प्रमोटर का नाम	शेयरों की संख्या	कुल शेयरों का %	वर्ष के दौरान % परिवर्तन
तेल उद्योग विकास बोर्ड	3,790,054,670	100%	शून्य

वर्ष 2022–23 के अंत में प्रमोटरों द्वारा धारित शेयर

प्रमोटर का नाम	शेयरों की संख्या	कुल शेयरों का %	वर्ष के दौरान % परिवर्तन
तेल उद्योग विकास बोर्ड	3,790,054,670	100%	शून्य

(v) इक्विटी शेयरों से जुड़े अधिकार, प्राथमिकताएं और प्रतिबंध

कंपनी के पास इक्विटी शेयरों की केवल एक श्रेणी है, जिसका सममूल्य ₹10 प्रति शेयर है और धारक प्रति शेयर एक वोट का हकदार है। कंपनी के परिसमापन की स्थिति में, इक्विटी शेयरों के धारकों को कंपनी की शेष परिसंपत्तियों को उनके पास मौजूद इक्विटी शेयरों की संख्या के अनुपात में प्राप्त करने का अधिकार होगा।

(vi) बैलेंस शीट की तारीख के अनुसार पिछले पांच वर्षों की अवधि के लिए :

(क) नकदी भुगतान प्राप्त किए बिना संविदा (संविदाओं) के अनुसार पूर्णतः संदत्त शेयरों की संख्या और श्रेणी	शून्य
(ख) बोनस शेयरों के माध्यम से पूर्णतः संदत्त शेयरों की श्रेणी की कुल संख्या; तथा	शून्य
(ग) शेयरों की कुल संख्या और श्रेणी तथा वापस खरीदे गए शेयरों की श्रेणी	शून्य

टिप्पणी संख्या 14: अन्य इक्विटी

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
<u>प्रतिधारित आय का शेष :</u>		
पिछले वर्ष के खातों से अग्रेणीत शेष हानि	(63,168.45)	(53,467.07)
लेखांकन नीति में परिवर्तन या पूर्व अवधि की त्रुटियाँ	-	-
निर्गत इक्विटी शेयर पर स्टाम्प ड्यूटी	-	-
वर्ष के लाभ/(हानि)	(8,869.94)	(9,701.38)
कुल	**(72,038.39)**	**(63,168.45)**

टिप्पणी संख्या 15: पट्टा देयताएं

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
पट्टा देयताएं	552.31	554.71
कुल	**552.31**	**554.71**

टिप्पणी संख्या 16: अन्य वित्तीय देयताएं

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
आपूर्तिकर्ताओं/संविदाकारों से जमा/प्रतिधारण राशि	22.28	17.37
कुल	**22.28**	**17.37**

टिप्पणी संख्या 17: प्रावधान

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
कर्मचारी हितलाभ के लिए प्रावधान		
(क) अवकाश नकदीकरण	2.23	-
(ख) ग्रेच्युटी	5.22	-
कुल	**7.45**	**-**

टिप्पणी संख्या 18: उधारियां

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
	-	-
कुल	**-**	**-**

टिप्पणी संख्या 19: पट्टा देयताएं

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
पट्टा देयताएं	4.15	3.77
कुल	**4.15**	**3.77**

टिप्पणी संख्या 20: व्यापार देयताएं

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
i) सूक्ष्म उद्यमों और लघु उद्यमों का कुल बकाया	346.95	204.41
ii) सूक्ष्म उद्यमों और लघु उद्यमों के अलावा अन्य लेनदारों का कुल बकाया	1,812.49	1,687.20
कुल	**2,159.44**	**1,891.61**

व्यापार देयताओं की एजेइंग शेड्यूल

भुगतान की नियत तिथि से निम्नलिखित अवधि के लिए बकाया – वित्तीय वर्ष 2023–24

₹ लाख में

विवरण	1 वर्ष से कम	1–2 वर्ष	2–3 वर्ष	3 वर्ष से अधिक	कुल
(i) एमएसएमई	346.95	-	-	-	346.95
(ii) अन्य	1,779.38	33.04	0.07	-	1,812.49
(iii) विवादित बकाया – एमएसएमई	-	-	-	-	-
(iv) विवादित बकाया – अन्य	-	-	-	-	-

व्यापार देयताओं की एजेइंग शेड्यूल

भुगतान की नियत तिथि से निम्नलिखित अवधि के लिए बकाया – वित्तीय वर्ष 2023–24

₹ लाख में

विवरण	1 वर्ष से कम	1–2 वर्ष	2–3 वर्ष	3 वर्ष से अधिक	कुल
(i) एमएसएमई	204.41	-	-	-	204.41
(ii) अन्य	1,687.06	-	0.14	-	1,687.20
(iii) विवादित बकाया – एमएसएमई		-	-	-	-
(iv) विवादित बकाया – अन्य	-	-	-	-	-

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से संबंधित विवरण	₹ लाख में 2023-24	₹ लाख में 2022-23
(क) प्रत्येक लेखा वर्ष के अंत में किसी आपूर्तिकर्ता को अदत्त रही बकाया राशि;		
मूलधन	346.95	203.96
ब्याज	-	0.45
(ख) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 (2006 का 27) की धारा 16 के अनुसार क्रेता द्वारा भुगतान की गई ब्याज की राशि, साथ ही प्रत्येक लेखा वर्ष के दौरान नियत दिन के बाद आपूर्तिकर्ता को किए गए भुगतान की राशि;	-	-
(ग) भुगतान करने में विलंब की अवधि के लिए देय और भुगतान योग्य ब्याज की राशि (जिसका भुगतान वर्ष के दौरान नियत दिन से परे किया गया है) किंतु सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के तहत निर्दिष्ट ब्याज को जोड़े बिना;	-	-
(घ) प्रत्येक लेखा वर्ष के अंत में उपार्जित और अदत्त ब्याज की राशि; तथा	-	0.45
(ङ) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 की धारा 23 के अंतर्गत कटौती योग्य व्यय की अस्वीकृति के प्रयोजनार्थ, उस तारीख तक, जब तक कि उपरोक्त देय ब्याज वास्तव में लघु उद्यम को भुगतान नहीं कर दिया जाता है, बकाया और आगामी वर्षों में भी देय शेष ब्याज की राशि।.	-	-

टिप्पणी संख्या 21: अन्य वित्तीय देयताएं

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
अन्य		
एमएसईजेडएल भूमि की खरीद के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से निधियां	4,000.00	-
भारत सरकार/पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से प्राप्त निधियां चरण II	21,000.00	21,000.00
प्रथम चरण के लिए प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय के लिए भारत सरकार/पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से प्राप्त अग्रिम राशि	1,058.19	106.14
आपूर्तिकर्ताओं/संविदाकारों से जमा राशि	1,082.85	986.26
कुल	**27,141.04**	**22,092.40**

टिप्पणी संख्या 22: प्रावधान

Particulars	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
कर्मचारी हितलाभ के लिए प्रावधान		
(क) छुट्टी नकदीकरण	0.79	-
(ख) ग्रेच्युटी	0.08	-
कुल	**0.87**	**-**

टिप्पणी संख्या 23: अन्य चालू देयताएं

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
सांविधिक देय	131.25	119.09
एचसीसी के मध्यस्थता मामले के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में जमा करने हेतु भारत सरकार/पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से निधियां [टिप्पणी संख्या 40(xlii) देखें]	5,000.46	5,000.46
भारत सरकार/पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को देय (एपी जीजीएसटी)	406.25	150.58
भारत सरकार/पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को देय (पादुर जीएसटी)	199.19	140.68
भारत सरकार/पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को देय (अनुदान/अन्य निधि पर ब्याज और उस पर टीडीएस)	2,261.76	2,013.55
एचपीसीएल विशाखापत्तनम को देय	97.28	97.28
कानूनी मामले के लिए उडुपी जिला पंचायत के पास जमा करने हेतु भारत सरकार/पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से निधि	-	410.84
चरण–I विस्तार भूमि के लिए एमएसईजेडएल को देय राशि	9,700.95	-
आरओयू की पाइपलाइन क्षतिपूर्ति के लिए एसएलएओ मैंगलोर को देय राशि	49.41	49.44
चरण I के लिए प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय के लिए भारत सरकार/पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को देय राशि	651.22	1,701.50
भारत सरकार को देय ओ एंड एम व्यय (एडनोक व्यय)	63.41	170.91
भारत सरकार को देय प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय (एसडी/अग्रिम)	11.50	-
रॉक बिक्री पर टीसीएस के लिए संविदा/एमएसईजेडएल को देय राशि	13.28	-
कानूनी निर्णय के सापेक्ष एसकेईसी–केसीटीजेवी को देय	11,721.68	-
अन्य	12.61	12.61
कुल	**30,320.25**	**9,866.94**

टिप्पणी संख्या 24: प्रचालन से राजस्व

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
<u>सेवा का निर्यात</u>		
एउनोक से प्रचालन आय – अबिलीकृत आय	-	170.24
<u>घरेलू राजस्व</u>		
कैवर्न्स का पट्टा/किराए पर लेना	893.54	-
पट्टे/किराए के लिए पंपिंग शुल्क (अबिलीकृत आय सहित) ₹25.68 लाख (पिछले वर्ष : शून्य)	96.15	-
एमआरपीएल से प्रचालन आय (₹57.84 लाख रुपये की अबिलीकृत आय सहित (पिछले वर्ष : शून्य))	58.05	35.57
कुल	**1,047.74**	**205.81**

टिप्पणी संख्या 25: अन्य आय (ओ एंड एम अनुदान सहित)

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
भारत सरकार से ओ एंड एम अनुदान	13,076.14	12,914.20
व्यय की प्रतिपूर्ति	945.90	823.68
विद्युत कंपनियों के पास प्रतिभूति जमा पर ब्याज	31.46	21.51
बैंक जमा पर ब्याज	369.04	886.34
ओआईडीबी से अनुदान का परिशोधन (चरण प्प)	-	314.15
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की बिक्री पर लाभ	-	0.01
रॉक की बिक्री से आय	108.36	6.31
आयकर प्रतिदाय पर ब्याज	0.86	0.01
विनिमय दर में उतार–चढ़ाव	1.22	-
कुल	**14,532.98**	**14,966.21**

टिप्पणी संख्या 26: कर्मचारी हितलाभ व्यय

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
वेतन और मजदूरी	1,229.95	1,180.53
भविष्य निधि एवं अन्य निधियों में अंशदान	24.56	50.21
कर्मचारी कल्याण व्यय*	-	-
कुल	**1,254.51**	**1,230.74**

*कर्मचारी कल्याण व्यय को टिप्पणी संख्या 29.1 के अंतर्गत संचालन एवं अनुरक्षण व्यय में शामिल किया गया है।

टिप्पणी संख्या 27: वित्तीय लागत

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
पट्टा देयताओं पर ब्याज (इंड एएस 116)	41.59	41.12
अन्य ब्याज व्यय	303.34	844.31
कुल	**344.93**	**885.43**

टिप्पणी संख्या 28: मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए
मूल्यह्रास	9,362.51	9,510.76
पट्टा किराये का परिशोधन (पट्टा भूमि)	539.85	432.38
कुल	**9,902.36**	**9,943.14**

टिप्पणी संख्या 29.1: संचालन एवं अनुरक्षण (ओ एंड एम) व्यय

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए
ओ एंड एम व्यय		
उपभोज्य संबंधी व्यय	277.75	167.08
बीमा प्रीमियम	3,832.50	3,890.66
पट्टा किराया प्रभार	242.17	282.80
प्रचालन लागत	211.72	216.47
मरम्मत और अनुरक्षण	982.43	565.54
बैंक प्रभार	0.16	-
त्यौहारों संबंधी व्यय	5.99	6.10
कानूनी व्यय	214.30	753.29
कार्यालय व्यय	87.25	67.03
विशाखापत्तनम के एचसीसी मध्यस्थता मामले के लिए व्यय (टिप्पणी संख्या 40(xliii) देखें)	-	22.96
स्टेशनरी व्यय	5.22	3.23
टेलीफोन व्यय	23.02	24.53
पर्यटन एवं प्रशिक्षण	12.24	23.20
वाहन किराये पर लेने का व्यय	137.25	138.40
बिजली प्रभार	1,629.17	1,394.54
साफ–सफाई प्रभार	105.63	103.52
जनशक्ति – संविदात्मक और अन्य	2,063.36	1,992.73
एमएसईजेडएल ओ एंड एम व्यय	202.51	237.87
आवधिक सांविधिक व्यय	218.10	152.52
प्रतिभूति प्रभार	1,962.44	1,911.41
व्हारफेज/सर्वेयर प्रभार	27.20	210.28
हरित पट्टी विकास	49.16	42.70
एचओ व्यय	293.70	291.00
परियोजना पूर्व व्यय (पीएफआर/डीडीएफआर)–नई परियोजनाएं	365.19	-
कुल	**12,948.46**	**12,497.86**

टिप्पणी संख्या 29.2: चरण II परियोजना के लिए व्यय

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए
चरण II के लिए विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट (डीएफआर) व्यय	-	314.15
कुल	-	**314.15**

टिप्पणी संख्या 29.3: विविध व्यय

विवरण	₹ लाख में 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए	₹ लाख में 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए
बैंक प्रभार	0.05	-
संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के बट्टे खाते में डालने पर हानि	0.35	2.08
कुल	**0.40**	**2.08**

टिप्पणी संख्या 30: भारतीय लेखांकन मानक – 33 के तहत ईपीएस का प्रकटीकरण

टिप्पणी	विवरण	₹ लाख में 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए	₹ लाख में 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए
(i)	प्रति शेयर आय		
	बेसिक		
	इक्विटी शेयरधारकों को देय वर्ष के लिए लाभ/(हानि)	(8,869.94)	(9,701.38)
	इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या	3,790,054,670	3,790,054,670
	प्रति शेयर सममूल्य	10.00	10.00
	सतत प्रचालन से प्रति शेयर हानि – बेसिक	(0.23)	(0.26)
(ii)	तनुकृत		
	इक्विटी शेयरधारकों को देय वर्ष के लिए लाभ/(हानि)	(8,869.94)	(9,701.38)
	इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या – तनुकृत के लिए	3,790,054,670	3,790,054,670
	प्रति शेयर सममूल्य	10.00	10.00
	सतत प्रचालन से प्रति शेयर हानि – तनुकृत	(0.23)	(0.26)

टिप्पणी संख्या 31: पट्टे, प्रतिबद्धताएं और आकस्मिकताएं

31.1 पट्टे

(क) पट्टेदार के रूप में

(i) कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) संशोधन नियम, 2019 और कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) दूसरा संशोधन नियम, 2019 के माध्यम से इंड एएस 116 पट्टा को अधिसूचित किया है जो मौजूदा पट्टा इंड एएस 17 पट्टा और अन्य व्याख्याओं को प्रतिस्थापित करता है। इंड एएस 116 पट्टे में तुलन–पत्र पट्टा लेखांकन मॉड्यूल की शुरूआत की गई है।

01 अप्रैल, 2019 से प्रभावी, कंपनी ने संशोधित पूर्वव्यापी संक्रमण पद्धति का उपयोग करके अपने पट्टों के लिए इंड एएस 116 को अपनाया है। पट्टा देयता को प्रारंभिक प्रयोज्यता की तिथि पर वृद्धिशील उधार दर का उपयोग करके छूटे हुए शेष पट्टा भुगतानों के वर्तमान मूल्य पर नापा जाता है और उपयोग के अधिकार की परिसंपत्ति को पट्टा देयता के बराबर राशि और प्रारंभिक प्रयोज्यता, यदि कोई हो, की तिथि से पहले तुलन–पत्र में मान्यता प्राप्त पूर्वदत्त किराए के बराबर राशि पर मान्यता दी गई है। कंपनी ने अप्रैल 2019 के लिए ओआईडीबी (100% शेयरधारक होने के नाते) की ब्याज दर को अपनाया है। इसके अलावा, कंपनी ने निम्नलिखित उपाय किए हैं :–

i. कंपनी ने यह पुनर्मूल्यांकन नहीं किया है कि प्रारंभिक प्रयोज्यता की तिथि पर कोई संविदा पट्टा, अर्थात 31 मार्च, 2019 को इंड एएस 17 के अनुसार पट्टे के रूप में वर्गीकृत संविदाएं है या नहीं।

ii. इंड एएस 116 के अंतर्गत पट्टे के रूप में माना गया तथा उन संविदाओं पर मानक लागू नहीं होगा जिन्हें पहले इंड एएस 17 के अंतर्गत पट्टे के रूप में मान्य नहीं किया गया था।

iii. जिन पट्टों की अवधि प्रारंभिक प्रयोज्यता की तिथि से 12 माह के भीतर समाप्त हो जाती है, उन्हें अल्पकालीन पट्टों के रूप में माना गया है।

कंपनी ने भूमि से संबंधित पट्टा व्यवस्था में प्रवेश किया है। समीक्षाधीन अवधि के अंतर्गत कोई बिक्री और पट्टा वापसी लेनदेन व्यवस्था नहीं है।

पट्टा–धारित भूमि के लिए महत्वपूर्ण पट्टों का विवरण निम्नानुसार है :–

(क) विशाखापत्तनम में 37 एकड़ भूमि के लिए 30 वर्ष की अवधि (14.05.2038 तक) के लिए विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट के साथ करार (टिप्पणी संख्या 40(xvii) भी देखें)।

(ख) मैंगलोर विशेष आर्थिक क्षेत्र के साथ 50 वर्ष की अवधि (26.01.2060 तक) के लिए मैंगलोर में 104.73 एकड़ भूमि के लिए करार, जिसमें 33.0066 एकड़ हरित पट्टी क्षेत्र शामिल है (टिप्पणी संख्या 40 (xvii) देखें)।

(ग) पादुर में 138.57 एकड़ भूमि के लिए कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरिया डेवलेपमेंट बोर्ड (केआईएडीबी) के साथ 20 वर्ष की अवधि (101.815 एकड़) 28.05.2030 तक और 36.775 एकड़ 18.12.2031 तक) के लिए करार।

(घ) पादुर में 37.35 एकड़ भूमि के लिए 15 वर्ष की अवधि (14.11.2032 तक) के लिए कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरिया डेवलेपमेंट बोर्ड (केआईएडीबी) के साथ करार।

(ii) **लाभ और हानि का विवरण खाते में मान्य राशि या उपयोग के अधिकार की वहन राशि :**

₹ लाख में

	2023-24	2022-23
- उपयोग के अधिकार के रूप में पूंजीकृत पूर्वदत्त पट्टा किराया	लागू नहीं	लागू नहीं
- उपयोग के अधिकार और पट्टा दायित्व में वृद्धि	2.38	शून्य
- उपयोग के अधिकार में वृद्धि पर मान्य मूल्यह्रास	15.74	15.11
- पूर्वदत्त पट्टा किराये पर मान्य मूल्यह्रास	524.11	417.27
- पट्टा दायित्व पर ब्याज	41.59	41.08
- वृद्धिशील उधार दर	7.94%	7.94%
- पट्टा किराया भुगतान	45.08	44.85

अंतर्निहित परिसंपत्तियों के वर्ग के अनुसार पट्टे पर धारित पीपीई में शामिल उपयोग के अधिकार का विवरण नीचे प्रस्तुत किया गया है:

₹ लाख में

परिसंपत्ति की श्रेणी	31 मार्च, 2024 तक सकल ब्लॉक	31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार संचित मूल्य ह्रास	31 मार्च, 2024 तक निवल वहन मूल्य
उपयोग का अधिकार	13272.48	2571.40	10701.08

31 मार्च, 2024 तक सकल ब्लॉक में 01 अप्रैल, 2019 से पहले दर्ज किए गए प्रचालन पट्टे शामिल हैं, जिनका निवल वहन मूल्य ₹12698.11 लाख है, जिन्हें 01 अप्रैल, 2019 (इंड एएस 116 के कार्यान्वयन पर) तक उपयोग के अधिकार के लिए पुनर्वर्गीकृत किया गया था।

भावी नकदी बहिर्वाह की मदों का विवरण, जिनका कंपनी को पट्टे के रूप में प्रकटन किया गया है, लेकिन पट्टा देयताओं के माप में परिलक्षित नहीं होता है, निम्नानुसार है :

(क) परिवर्तनीय पट्टा भुगतान

परिवर्तनीय पट्टा भुगतान जो किसी सूचकांक या दर पर निर्भर करता है, जिसे पट्टा देयता के मापन में शामिल किया जाता है, हालांकि प्रारंभ तिथि पर भुगतान नहीं किया जाता है। सामान्य उद्योग परिपाटियों के अनुसार, कंपनी विभिन्न परिवर्तनीय पट्टा भुगतान करती है जो किसी भी सूचकांक या दर (कवर किए गए केएमएस या बिक्री के प्रतिशत आदि के आधार पर परिवर्तनीय) पर आधारित नहीं होते हैं और उन्हें लाभ या हानि में मान्य किया जाता है और पट्टा देयता के मापन में शामिल नहीं किया जाता है।

(ख) विस्तार और समाप्ति विकल्प

कंपनी पट्टा व्यवस्था में केवल प्रचालन लचीलापन प्रदान करने के लिए विस्तार विकल्प शामिल है। कंपनी प्रत्येक पट्टा प्रारंभण पर यह आकलन करती है कि क्या विस्तार विकल्पों का प्रयोग करना उचित रूप से निश्चित है और आगे यह पुनः आकलन करती है कि क्या उसके नियंत्रण में परिस्थितियों में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होने पर विकल्प का प्रयोग करना उचित रूप से निश्चित है। हालाँकि, जहाँ कंपनी के पास संविदा को विस्तारित करने का एकमात्र विवेक है, वहाँ ऐसी पट्टा अवधि को पट्टा देयताओं की गणना के उद्देश्य से शामिल किया जाता है।

(iii) अवशिष्ट मूल्य गारंटी

इसमें कोई अवशिष्ट मूल्य की गारंटी नहीं है।

(iv) प्रतिबद्ध पट्टे, जिन्हें अभी प्रारंभ किया जाना है

मैंगलोर में चरण 1 विस्तार के लिए 154.90 एकड़ भूमि (28.11 एकड़ हरित पट्टी और 126.79 एकड़ पट्टा योग्य क्षेत्र) के अधिग्रहण के लिए एमएसईजेडएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। आवश्यक भुगतान और भूमि के अध्यावास के बाद, पट्टा प्रारंभ हो जाएगा।

(v) 31 मार्च, 2019 तक की स्थिति के अनुसार रिपोर्ट किए गए रद्द न करने योग्य प्रचालन पट्टा के प्रति भावी न्यूनतम पट्टा किराया प्रतिबद्धता और 1 अप्रैल, 2019 को दर्ज की गई पट्टा देयता के बीच का अंतर मुख्य रूप से पट्टे को रद्द करने योग्य अवधि के लिए पट्टा भुगतान के वर्तमान मूल्य को शामिल करने के कारण है। इंड एएस 116 की आवश्यकता के अनुसार पट्टा देयताओं की छूट और उन पट्टों के लिए प्रतिबद्धताओं के वर्जन के कारण कमी आई है, जिनके लिए कंपनी ने मानक के अनुसार व्यावहारिक सुविधा लागू करने का विकल्प चुना है।

(vi) इस मानक के अनुप्रयोग के परिणामस्वरूप वर्ष के लिए कर पूर्व हानि में ₹11.33 लाख की निवल वृद्धि हुई है (पिछले वर्षः – ₹11.38 लाख) अर्थात मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय और वित्त लागत में क्रमशः ₹57.33 लाख की वृद्धि (पिछले वर्ष ₹56.19 लाख) और अन्य आय में ₹46.00 लाख की वृद्धि (पिछले वर्ष ₹44.85 लाख)।

(ग) पट्टादाता

प्रचालनात्मक पट्टा

संबंधित करारों में उल्लिखित किराये के अनुसार इन विवरणों में आय के रूप में मान्य पट्टा किरायाः

		₹ लाख में
विवरण	2023-24	2022-23
वर्ष के दौरान आय के रूप में मान्य पट्टा किराया		
- परिवर्तनीय पट्टा	893.54	-
- अन्य	-	-

यह विशाखापत्तनम स्थान पर कैवर्न ए की 0.30 एमएमटी क्षमता से संबंधित है, जो एचपीसीएल को उनके कच्चे तेल के भंडारण के लिए दी गई है, तथा तेल की कमी की स्थिति में भारत सरकार के पास वापसी का पहला अधिकार है।

रिपोर्टिंग तिथि के बाद प्राप्त होने वाले बिना छूट वाले पट्टा भुगतानों का परिपक्वता विश्लेषण

		₹ लाख में
विवरण	2023-24	2022-23
एक वर्ष से कम	4,450.67	-
एक से दो वर्ष	4,450.67	-
दो से तीन वर्ष	3,553.35	-
तीन से चार वर्ष	-	-
चार से पांच वर्ष	-	-
पांच वर्ष से अधिक	-	-
कुल	12,454.68	-

31.2 आकस्मिक देयताएं, आकस्मिक परिसंपत्तियां और प्रतिबद्धताएं (जहां तक प्रावधान नहीं किया गया है)

विवरण

(क) आकस्मिक देयताएं

कंपनी के सापेक्ष आकस्मिक देयताएं दावे, जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकृत नहीं किया गया है, जिनकी राशि ₹60,833.70 लाख है (पिछले वर्षः ₹93,414.56 लाख) जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं –

क) विशाखापत्तनम में खदान और भूविज्ञान विभाग द्वारा ₹11,795.03 लाख (पिछले वर्षः ₹11,795.03 लाख) रॉयल्टी की विवादित मांग।

ख) विभिन्न स्थलों पर किए गए परियोजनाओं के कारण संविदाकारों द्वारा किए गए ₹48,564.00 लाख (पिछले वर्षः ₹80,752.13 लाख) के विवादित दावों को ईआईएल द्वारा खारिज कर दिया गया, जिसके लिए मामले मध्यस्थ न्यायाधिकरण/उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित हैं।

ग) प्रवेश कर के संबंध में ₹74.64 लाख (पिछले वर्षः ₹74.64 लाख) की विवादित मांग। कंपनी ने प्रवेश कर के विवाद के समाधान के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा प्रवर्तित कर समाधान योजना का लाभ उठाया है। कंपनी के अनुसार कोई देयता नहीं है और कंपनी ने प्रवेश कर के लिए ₹74.64 लाख की जबरन वसूली के सापेक्ष रिट याचिका दायर की है और मामला माननीय कर्नाटक उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है।

घ) पंचायत विकास अधिकारी (पादुर) द्वारा भवन, भूमि और विविध करों के कारण ₹शून्य (पिछले वर्षः ₹410.84 लाख) की विवादित मांगें, जिसके लिए मामला अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष लंबित है।

ङ) मैंगलोर में पाइपलाइन आरओयू के संबंध में ₹22.73 लाख की विवादित मांगें (पिछले वर्षः 381.58 लाख) जिसके लिए मामला जिला न्यायालय, मैंगलोर के समक्ष लंबित है।

च) जीएसटी प्राधिकरण द्वारा आईएसपीआरएल की ओर से वित्तीय वर्ष 2017–18 से वित्तीय वर्ष 2022–23 तक की अवधि के लिए खदान एवं भूविज्ञान विभाग में संविदाकार द्वारा जमा की गई रॉयल्टी की राशि के लिए आरसीएम आधार पर देयता के लिए ₹119.15 लाख (पिछले वर्ष : शून्य) की राशि के नोटिस/सूचनाएं प्रदान की गईं। आईएसपीआरएल ने वित्तीय वर्ष 2017–18 और वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए जीएसटी प्राधिकरण द्वारा उठाई गई अनुचित मांग को रद्द करने के लिए 06.11.2023 को कर्नाटक के माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका दायर की है। माननीय उच्च न्यायालय ने दिनांक 27.11.2023 के आदेश के तहत मांग के स्थगन पर रोक लगा दी है। वित्त वर्ष 2019–20 से 2022–23 के लिए, विभाग को उत्तर दायर किया गया है कि चूंकि उच्च न्यायालय ने आईएसपीआरएल द्वारा दायर रिट याचिका को स्वीकार कर लिया है और वित्त वर्ष 2017–18 और 2018–19 के लिए जारी किए गए समान एससीएन के लिए निर्णय पर रोक लगाने का आदेश दिया है, इसलिए वित्त वर्ष 2019–20 से 2022–23 के लिए जारी किए गए कारण बताओ नोटिसों पर निर्णय को वित्त वर्ष 2017–18 और 2018–19 के लिए माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका के निपटारे तक स्थगित रखा जा सकता है।

छ) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 1043(3)/154 के तहत मूल्यांकन अधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 और 2022–23 के लिए उठाई गई ₹258.15 लाख (पिछले वर्षः ₹0.34 लाख) की मांग के लिए सीआईटी (अपील) के समक्ष अपील दायर की गई।

(ख) आकस्मिक परिसंपत्तियां -

एलएफपी से मैंगलोर/पादुर कैवर्न तक इंटरसीडिएट वाल्व स्टेशन (आईवीएस) के माध्यम से पाइपलाइन बिछाने के संविदा के संबंध में आईएल एंड एफएस इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के मामले में आईएसपीआरएल के पक्ष में मध्यस्थता निर्णय के लिए ₹126.79 लाख (पिछले वर्षः ₹शून्य)। मध्यस्थता निर्णय को आज तक अन्य पक्षकार द्वारा चुनौती नहीं दी गई है।

(ग) पूंजीगत प्रतिबद्धताएं

1. मैंगलोर में चरण 1 विस्तार भूमि के लिए पूंजीगत खाते पर निष्पादित की जाने वाली शेष संविदाओं की अनुमानित और प्रावधानरहित ₹11,803.41 लाख (पिछले वर्षः 22,950.38 लाख) का राशि।

2. कर्नाटक सरकार द्वारा 22 फरवरी, 2023 को पादुर में 214.79 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए अंतिम राजपत्र अधिसूचना जारी की गई। 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार केआईएडीबी से भूमि अधिग्रहण पर ₹17,644.84 लाख व्यय किए गए हैं। भूस्वामियों को पुनर्वास के लिए भुगतान के कारण पूंजी प्रतिबद्धता और कोई अन्य राशि, पुनर्वास समिति के निर्णय के बाद उत्पन्न होगी।

3. पूंजीगत वस्तुओं की खरीद के लिए अन्य पूंजीगत प्रतिबद्धता (अग्रिमों को छोड़कर) – ₹0.03 लाख (पिछले वर्षः 0.01 लाख)

(घ) अन्य प्रतिबद्धताएँः कंपनी द्वारा ₹3,710.69 लाख (पिछले वर्षः ₹544.21 लाख) के लिए महत्वपूर्ण संविदाओं के प्रति अपने संविदात्मक दायित्वों का संकलित विवरण।

टिप्पणी संख्या 32: संबंधित पक्षकार लेनदेन :–

भारतीय लेखांकन मानक 24 के अनुसार संबंधित पक्षकार प्रकटीकरण निम्नानुसार है :

विवरण

संबंधित पक्षकारों का विवरण :

संबंध का विवरण	संबंधित पक्षकारों के नाम
होल्डिंग कंपनी	तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) की कंपनी में 100% इक्विटी है
मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी)	1. श्री एल. आर. जैन, मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक, आईएसपीआरएल 2. श्री एचपीएस आहुजा, मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक, आईएसपीआरएल (01.06.2022 तक) 3. श्री जी.के. सिंह, मुख्य वित्त अधिकारी, आईएसपीआरएल (04.05.2024 तक) 4. श्री अजय दशोरे, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक [(अतिरिक्त प्रभार) (15.05.2024 से 09.06.2024 तक)] और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक [(अतिरिक्त प्रभार) (17.06.2022 से 30.10.2022 तक)] 5. श्री दीपक कुमार, मुख्य वित्तीय अधिकारी, आईएसपीआरएल (10.06.2024 से) 6. श्री अरुण तलवार, कंपनी सचिव, आईएसपीआरएल (15.05.2023 तक) 7. सुश्री शिल्पी मोहंती, कंपनी सचिव, आईएसपीआरएल (06.06.2023 से)
	निदेशक मंडल (पदेन) 1. श्री पंकज जैन, अध्यक्ष 2. श्री प्रवीण एम. खनूजा, निदेशक 3. सुश्री कामिनी चौहान रतन, निदेशक 4. सुश्री ईशा श्रीवास्तव, निदेशक 5. सुश्री वर्षा सिन्हा, निदेशक 6. सुश्री यतिंदर प्रसाद, निदेशक (11.10.2022 से 21.11.2022 तक) 7. श्री गुड्डे श्रीनिवास, निदेशक (26.09.2022 तक) 8. डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, निदेशक (30.11.2022 तक)

(i) मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक

₹ लाख में

पारिश्रमिक	31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए
मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक*#	82.18	83.98
मुख्य वित्तीय अधिकारी *	91.32	84.77
कंपनी सचिव*	82.25	85.56
कुल	**255.75**	**254.31**

*संबंधित होल्डिंग कंपनी से प्राप्त डेबिट नोट्स के अनुसार।

उपरोक्त राशि में वर्ष के दौरान हस्तांतरित संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के संबंध में आयकर अधिनियम के अनुसार शून्य (पिछले वर्ष: ₹0.86 लाख) का अनुलाभ मूल्य शामिल नहीं है।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण से बिक्री पर प्रतिफल	31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए
श्री एचपीएस आहुजा	लागू नहीं	2.04
कुल	**लागू नहीं**	**2.04**

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण का हस्तांतरण	31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए**
श्री एचपीएस आहुजा	लागू नहीं	0.79
सुश्री यतिंदर प्रसाद	लागू नहीं	0.66
कुल	**लागू नहीं**	**1.45**

**परिसंपत्ति के हस्तांतरण की तिथि पर बहियों के अनुसार डब्ल्यूडीवी की राशि।

(ii) होल्डिंग कंपनी (ओआईडीबी)

		₹ लाख में
	31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए
व्यय की प्रतिपूर्ति	18.20	25.20
चरण II व्यय के लिए अनुदान (वर्ष के दौरान प्राप्त)	350.00	शून्य
चरण II के लिए अनुदान (प्राप्य)	15.34	314.15
ओआईडीबी की ओर से किया गया व्यय	0.12	0.25
चरण II के लिए अप्रयुक्त अनुदान की वापसी	51.19	शून्य

संबंधित पक्षकारों के पास बकाया शेषः

			₹ लाख में
		31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए
(i)	मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक आईएसपीआरएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंधन निदेशक श्री एल.आर. जैन से वेतन पर टीडीएस वसूलीयोग्य	शून्य	0.63
(ii)	होल्डिंग कंपनी (ओआईडीबी)		
	उनकी ओर से किए गए व्यय के लिए ओआईडीबी से वसूली योग्य	0.12	0.01
	व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए ओआईडीबी को देय	18.20	25.20
	चरण II के लिए प्राप्य अनुदान	15.34	314.15

टिप्पणीः कंपनी द्वारा प्राप्त कानूनी राय के अनुसार, तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) और भारत सरकार/पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(76) के तहत 'संबंधित पक्षकार' नहीं हैं। तदनुसार, कंपनी द्वारा उनके साथ किए गए लेनदेन के लिए संबंधित अनुपालन, यदि कोई हो, किए जाने की आवश्यकता नहीं है।

टिप्पणी संख्या 33: खंड रिपोर्टिंग

1. कंपनी भारत सरकार के लिए कच्चे तेल के सरकारी भंडार के लिए भंडारण परिसंपत्तियां बना रही है और ऐसी परिसंपत्तियों का अनुरक्षण भी कर रही है। इसे एक ही प्राथमिक खंड माना जाता है।

2. भौगोलिक जानकारी लागू नहीं है क्योंकि कंपनी का सम्पूर्ण प्रचालन भारत के भीतर होता है।

टिप्पणी संख्या 34: वित्तीय लिखत

श्रेणी के अनुसार वित्तीय लिखत

1. प्रबंधन ने मूल्यांकन किया कि नकदी और नकदी समकक्षों, अन्य चालू वित्तीय परिसंपत्तियों, व्यापार देयताओं, अल्पावधि उधारों और अन्य चालू वित्तीय देयताओं का उचित मूल्य उनकी वहन राशि के लगभग बराबर है।

2. वित्तीय परिसंपत्तियों और देयताओं का उचित मूल्य उस राशि पर शामिल किया जाता है जिस पर लिखत को बलात् या परिसमापन बिक्री के अलावा, इच्छुक पक्षकारों के बीच चालू लेनदेन में विनिमय किया जा सकता है।

3. उचित मूल्य पदानुक्रम के संबंध में उपरोक्त प्रकटीकरण लागू नहीं है।

टिप्पणी संख्या 35: वित्तीय लिखत

1) वित्तीय जोखिम कारक

